फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 55, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 23 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अमृतपाल पर कसता शिकंजा

## पुलिस ने अमृतपाल की पत्नी और मां से की पूछताछ, अमृतपाल ने हुलिया बदला, दाढ़ी छोटी की

**चंडीगढ़: अमृतपाल** की तलाश में जुटी पंजाब पुलिस ने उस बाइक को भी बरामद कर लिया है, जिससे उसके भागने की आशंका जताई जा रही है। पंजाब पुलिस ने बुधवार को अमृतपाल की पत्नी के साथ कई घंटे तक पूछताछ की। सुराग मिले हैं कि अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर भी इस तरह की घटनाओं में लिप्त है। दरअसल, पंजाब पुलिस बीती 18 मार्च से अमृतपाल को तलाश रही है। अमृतपाल की फरारी के मामले में पंजाब पुलिस को हाई कोर्ट से फटकार भी लग चुकी है। इस बीच पुलिस ने वह बाइक भी बरामद कर ली है, जिसकी मदद से अमृतपाल फरार हुआ था। पुलिस को यह बाइक जालंधर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में लावारिस हालत में मिली।

इसी बीच अमृतसर पुलिस की एक महिला अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम बुधवार दोपहर अमृतसर के गांव जल्लूपुर खेड़ा पहुंची और अमृतपाल की मां और पत्नी से पूछताछ की। पुलिस ने अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर से भी सवाल-जवाब किए। अमृपताल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर एनआरआई हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो किरणदीप कौर विदेश में रहकर फंड जुटाने का काम करती थी। पुलिस ने अमृतपाल की ब्रेजा कार भी बरामद कर ली है। यह कार शाहकोट में मनप्रीत मन्ना के घर से बरामद की है। मन्ना को अमृतपाल का मीडिया एडवाइजर बताया जा रहा है। ब्रेजा कार से राइफल, वॉकी टॉकी और तलवारें जब्त की गई हैं। अमृतपाल ने इनका इस्तेमाल किया था। आखिरी बार



वह ब्रेजा में सवार हुआ। इस बीच पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ एक और मामला दर्ज कर लिया है। जालंधर के नंगल अंबिया गुरुद्वारे के ग्रंथी रंजीत सिंह और उसके परिवार को बंधक बनाने के आरोप में अमृतपाल के खिलाफ शाहकोट थाने में यह मामला दर्ज किया गया है।

**अमृतपाल ने हुलिया बदला, दाढ़ी छोटी की:** एक दिन पहले यानी मंगलवार को अमृतपाल की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें उसका हुलिया बदला हुआ है। उसने दाढ़ी कटवा ली है, पारंपरिक सिख बाणा उतार दिया है और पगड़ी में हैं। शर्ट और जींस में बाइक पर बैठा दिख रहा है।

### अमृतपाल ने छोटी सी गलती की: अकाली दल

**जालंधर: पंजाब के** जालंधर में शिरोमणि अकाली दल के नेताओं का कहना है कि अमृतपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे भगोड़ा बताने के लिए किसी विदेशी सरहद से गिरफ्तारी दिखाकर सरकार और एजेंसियां वाहवाही लूटना चाहती हैं। हालांकि इस दौरान नेताओं ने बिक्रम मजीठिया के उस बयान पर चुप्पी साध ली, जिसमें उन्होंने अमृतपाल को 10 मिनट में बंदे का पुत बना देने की बात कही थी। शिरोमणि अकाली दल के देहात प्रधान पूर्व विधायक गुरप्रताप वडाला, शहरी प्रधान कुलवंत सिंह मन्नण ।

## वर्षा से रबी फसलों के नुकसान की केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली। पिछले** चार दिनों से असमय वर्षा और आंधी से रबी फसलों की व्यापक क्षति हुई है। सबसे ज्यादा असर गेहूं की खड़ी फसलों पर पड़ा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार गेहूं एवं सरसों के अतिरिक्त अन्य फसलों को अभी तक अधिक नुकसान नहीं हुआ है। कई राज्यों से गेहूं की खड़ी फसलों की क्षति की सूचनाएं आ रही हैं।

**केंद्र ने राज्य सरकार को दिया निर्देश:** केंद्र सरकार ने राज्यों को नुकसान का आकलन कराने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को सहायता पहुंचाई जा सके। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, आंधी-वर्षा से प्रभावित राज्य सरकारें अपने स्तर से फसलों के नुकसान का आकलन कर रही हैं। केंद्र को अभी किसी राज्य की तरफ से रिपोर्ट नहीं मिली है।



**किसानों को जल्दी मदद देने की कोशिश तेज:**
राज्यों से कहा गया है कि किसानों को शीघ्र मदद देने के लिए राज्य सरकारें राज्य आपदा राहत कोष का उपयोग कर सकती हैं। राज्यों की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार की ओर से भी राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से अधिक पैसे दिए जा सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं राजस्थान में गेहूं की सबसे ज्यादा उपज होती है। वर्षा भी इन्हीं राज्यों में अधिक हो रही है। मौसम विभाग ने अभी तीन दिन और वर्षा और आंधी की चेतावनी दी है।

**फसलों को अभी नहीं काटने का सुझाव:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों को सुझाव दिया है कि वे खड़ी फसलों की कटनी अभी नहीं की जाए। कृषि मंत्रालय को इस बार गेहूं की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। इस खरीफ मौसम में 343.2 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है। मंत्रालय ने अपने दूसरे अनुमान में देश भर में कुल 11.22 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन का आकलन किया है।

## कोविड की स्थिति को लेकर पीएम ने की बैठक

**नई दिल्ली:** देश में कोविड-19 के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है। संक्रमण की बढ़ती स्थिति को देखते हुए पीएम मोदी ने बुधवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों का जायजा लिया। बीते दिनों के दौरान देश में कोरोनो वायरस संक्रमण के 1,134 नए मामले दर्ज किए गए।

**एक हजार से ज्यादा नए मामले:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के



अनुसार, भारत में कोरोना वायरस के 1,134 नये मामले दर्ज किये गये हैं, वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,026 पहुंच गई। वहीं, ताजा जारी आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से पांच लोगों की मौत होने के साथ कुल मृतकों की संख्या 5,30,813 हो गई है। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की सूचना है, जबकि केरल में एक मौत की पुष्टि की गई है।

## योगी सरकार उप्र के सभी जनपदों में पर्यटन को बढ़ावा देगी




**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार राज्य के सभी जनपदों में पर्यटन को बढ़ावा देगी। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने इस संबंध में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के जिलों में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जनपदों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी को रचनात्मक सोच के साथ नेतृत्व करने की जरूरत है। जनपदों के उन स्थानों को चिन्हित करें, जो लोगों को आकर्षिक कर सकते हैं। इन स्थानों पर पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा, तो रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि जिलों के अंदर आकर्षिक करने वाले स्थलों पर जाने के लिए लोगों के अंदर रुचि पैदा करने के लिए प्रमुख मार्गों, रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन आदि प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर स्थान के संक्षिप्त विवरण के साथ साइनेजेज लगवाये जा सकते हैं।

फुटफॉल बढ़ाने के लिये इन स्थानों के आसपास कुछ गतिविधियां व अन्य अभिनव प्रयास किये जा सकते हैं। इन स्थानों पर कनवर्जेन्स के द्वारा स्वच्छ पेयजल व शौचालय आदि की व्यवस्था करायी जा सकती है। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान पर्यटन के अलावा नियोजन, पंचायतीराज, नगर विकास, नमामि गंगे आदि विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में प्रदेश के सभी मंडलायुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जुड़े थे।

### आयुष-क्षेत्र में योगदान देने के लिए मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार के विजेताओं के किया सम्मानित

**नई दिल्ली: आयुष** मंत्रालय ने आयुष के क्षेत्र में योगदान देने वाले 2023 के पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मंगलवार शाम को एक सम्मान समारोह आयोजित किया। केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने आयुष प्रणालियों को लोकप्रिय बनाने में योगदान देने के लिए कमलेश पटेल (पद्म भूषण), अध्यक्ष, राम चंद्र मिशन, हैदराबाद, डॉ. मनोरंजन साहू (पद्म श्री), प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक।

## जजों की नियुक्तिः केंद्र के रवैए पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जताई चिंता

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जजों की नियुक्ति को मंजूरी देने में चुनिंदा तरीके से काम करने पर गंभीर चिंता जताई है। 21 मार्च को कॉलेजियम की ओर से पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र ने जिन नामों को जज के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी, उनके पहले भेजी गई अनुशंसाओं में से कुछ नामों को रोक दिया गया। कॉलेजियम के प्रस्ताव में मद्रास हाई कोर्ट के जज के रूप में वकील जॉन सत्यन की नियुक्ति को लेकर 17 जनवरी को की गई दोबारा अनुशंसा करने के बावजूद उनकी नियुक्ति को मंजूर नहीं करने का उल्लेख किया गया है। कॉलेजियम ने 17 जनवरी को अपनी अनुशंसा में कहा था कि सत्यन की नियुक्ति को बाकी नामों से वरीयता मिलनी चाहिए। जिन नामों की अनुशंसा बाद में की गई उन्हें



बाद में वरीयता मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार ने सत्यन की अनुशंसा को नजरअंदाज करते हुए उनके बाद में की गई अनुशंसाओं में से विवादित जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। केंद्र सरकार ने सत्यन के उस आलेख को शेयर करने पर आपत्ति की थी, जिसमें प्रधानमंत्री की आलोचना की गई थी। केंद्र की आपत्ति को कॉलेजियम ने दरकिनार करते हुए सत्यन को दोबारा जज नियुक्त करने की अनुशंसा की थी। कॉलेजियम ने 21 मार्च को मद्रास हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने के लिए चार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा प्रस्ताव पर केंद्र की आलोचना की है। कॉलेजियम ने मद्रास हाई कोर्ट के जज के रूप में जिन चार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की अनुशंसा की है उनमें आर शक्तिवेल, पी धनाबल, चिन्नास्वामी कुम्पारप्पन और के राजशेखर शामिल हैं। इसी के साथ कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के लिए वकील हरप्रीत सिंह बरार को जज के रूप में नियुक्त करने की दोबारा अनुशंसा की है।

### छह लोग पद्म विभूषण से सम्मानित किया

## राष्ट्रपति ने किया पद्म पुरस्कारों का वितरण

**नई दिल्ली: बु**धवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी गणमान्य लोगों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा। हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस 2023 के मौके पर पुरस्कारों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन पुरस्कार समारोह का आयोजन बुधवार को राष्ट्रपति भवन में किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में सम्मान प्रदान किया। यह पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक



मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य-शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

इस वर्ष, राष्ट्रपति ने 106 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी, जिसमें तीन युगल मामले शामिल हैं। सूची में छह पद्म विभूषण, नौ पद्म भूषण और 91 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं शामिल हैं। सूची में विदेशियों/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई की श्रेणी के 2 व्यक्ति और सात मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले भी शामिल हैं।

**पद्म विभूषण 2023:** असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया जाता है। छह पद्म विभूषण पुरस्कारों में से तीन मरणोपरांत थे।

## नीली अर्थव्यवस्था पर केन्द्र सरकार का फोकस -भूपेन्द्र

**नई दिल्ली: केंद्रीय** पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बुधवार को पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संस्थान नेशनल सेंटर फॉर सस्टनेबल कोस्टल मेनेजमैंट (एनसीएससीएम) की पहली जनरल बॉडी बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तटीय समुदायों की आजीविका पर फोकस के साथ नीली अर्थव्यवस्था को काफी अधिक महत्व देते हैं। यादव ने कहा कि सरकार बहु-प्रबंधन उद्देश्यों के साथ क्षेत्र आधारित प्रबंधन के लिए




ब्लू प्रिंट विकसित करने के लिए समुद्र स्थानिक योजना (एमएसपी) के साथ आगे बढ़ रही है। मंत्री ने एनसीएससीएम को तटीय समुदायों की ठोस आय पर ध्यान देने के साथ मैनग्रोव संरक्षण के लिए मिशन मिष्टी (मैनग्रोव इनसेटिव फॉर शोरलाइन हेबिटेट्स एंड टेंजबल इनकम) में योगदान देने का भी निर्देश दिया।

## पीएफआई पर प्रतिबंध को यूएपीए ट्रिब्यूनल ने लगाई मुहर

**नई दिल्ली:** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित ट्रिब्यूनल ने कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) को गैरकानूनी संगठन घोषित करने और उस पर पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी। केंद्र ने बीते साल सितंबर में अधिसूचना जारी कर पीएफआइ को आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठन से संबंध रखने, आतंकी फंडिंग व हिंसक गतिविधियों में संलिप्तता के चलते भारत में पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

**दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र के फैसले को सही ठहराया:**
यूएपीए एक्ट के तहत इस संगठन पर प्रतिबंध



लगाया गया था। मामले से जुड़े वकील ने बताया कि ट्रिब्यूनल का नेतृत्व कर रहे दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने पीएफआइ पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को सही ठहराते हुए फैसला सुनाया। गृह मंत्रालय ने पीएफआइ और उससे जुड़े संगठनों रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआइएफ), कैंपस फ्रंट आफ इंडिया (सीएफआइ), आल इंडिया इमाम काउंसिल (एआइआइसी), नेशनल कंफेडरेशन आफ ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन, (एनसीएचआरओ), नेशनल वूमन फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन केरल आदि को गैरकानूनी संगठन घोषित किया था।

**एनआइए ने 150 से अधिक लोगों को पकड़ा था:** राष्ट्रीय महिला मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता कार्तिक वेणु ने कहा कि ट्रिब्यूनल ने सभी आठ संगठनों पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। एनआइए ने पिछले साल सितंबर में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, असम और मध्य प्रदेश आदि राज्यों में छापेमारी कर पीएफआइ से जुड़े 150 से अधिक लोगों को पकड़ा था।

## सैनिकों को आधी सदी के बाद खाने और नाश्ते में मिलेंगे 'मोटा अनाज' के व्यंजन

**नई दिल्ली: अब** सेना में सभी रैंकों के लिए मोटा अनाज दैनिक भोजन का एक अभिन्न हिस्सा होगा। भारतीय सेना ने मोटे अनाज की खपत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सैनिकों के राशन में बाजरा, ज्वार और रागी का आटा शामिल किया है। सैनिकों को पांच दशक बाद देशी और पारंपरिक अनाज की आपूर्ति किए जाने का फैसला लिया गया है, क्योंकि इससे पहले गेहूं के आटे को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के अनाजों की आपूर्ति बंद कर दी गई



थी। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, इसीलिए अब भारतीय सेना ने भी मोटे अनाज की खपत को बढ़ावा देने का फैसला लिया है। सेना में सभी रैंकों को दिये जाने वाले आहार में मोटे अनाज से तैयार किये गए आटे को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रतापपुर रोजगार मेले में 72 बेरोजगारों को मिली नौकरी

**प्रतापपुर।** क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय प्रयागराज की ओर से प्रतापपुर ब्लॉक के चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज परमेश्वरपुर, करुआडीह में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया कंस्ट्रक्शन, स्किल ट्रेनिग इंस्टिट्यूट लार्सेन एंड टर्बो लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एंड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड, रेडेक्स इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, कैरियर ब्रीज स्किल सॉल्यूशन, पीपल दी ऑनलाइन, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एवं डस्की स्टैलिन कंसल्टेंसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर 72 लोगों को साक्षात्कार करके चयनित किया गया। कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस भी मौजूद रही।

## मंडलीय सामूहिक विवाह

# हाथ पीले तो हो गए किंतु अनुदान नहीं मिला !

## श्रम मंत्री,डीएम,और कई विधायक भी थे कार्यक्रम में शामिल,समाज कल्याण में भी यही स्थिति

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** गत 13 मार्च को प्रयागराज में मंडलीय सामूहिक विवाह का आयोजन आयोजित किया गया था। जिसमें प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, प्रयागराज के वर वधू पक्ष के भारी संख्या में परेड ग्राउंड एकत्रित हुए,तेज धूप में भूंखो प्यासे लोग बिलबिलाते विवाह संपन्न कराए जिसमें 1126 जोड़ों की शादियां हुई थी। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा भी विभिन्न ब्लॉकों एवम नगरों में सामूहिक विवाह हुए थे। जिसमें मंत्री जैसे कई जिम्मेदार पर्सन उपस्थित थे किंतु हाथ पीले हों चुके वर वधुओं को मंच से घोषित उपहार स्वरूप अनुदान अनुमन्य राशि अभी तक श्रम विभाग के पंजीकृत आवेदक श्रमिकों के खातों में नहीं आई और न ही तो समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के सम्पन्न वैवाहिक कार्यक्रम की पुत्रियों के खातों में धनराशि भेजी गई। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि श्रम विभाग ही ऐसा विभाग है जिसमे आवेदकों को ज्यादा पापड़ बेलने पड़ते हैं। श्रमिक इस विभाग से उक्त कार्यक्रम में भविष्य में आवेदन डालने को तैयार नहीं हैं। सबसे अहम बात यह है कि शादी के बंधन में बंध चुके जोड़ों की एक सप्ताह बाद तक अनुमन्य राशि तो नहीं आई किंतु शादी के बाद भी शादी का वेरिफिकेशन होने लगा। कि शादी हुई की नहीं। यदि शादी नही हुई तो विवाह कार्यक्रम में भीड़ किसकी थी। दिन दिन भर भूंखे प्यासे लोग परेड ग्राउंड में मंडप में बैठे रहे। लोगों ने बताया कि इससे बेहतर ब्लॉकों की शादियां में व्यवस्था सही थी. कम से कम पानी और भोजन के पैकेट भी सभी घराती बराती को मेले। क्योंकि वह मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम था।

### क्या बोले वैवाहिक कार्यक्रम में गए लोग



श्रम विभाग द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन ब्लॉक या तहसील स्तर पर कराया जाए। जिससे जनपदीय मंडलीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अब्यवस्थाओं के शिकार न हों। गरीब श्रम कार्ड धारकों के इतने अग्नि परीक्षा से गुजर कर तब कार्यक्रम में लोग पहुंचते हैं यह गरीबों के साथ उनका मजाक उड़ाया जाना ठीक नहीं। स्माज कल्याण विभाग की व्यवस्था से लोग संतुष्ट हैं। आसानी से आवेदन हो जाता है सरलता से जांच भी हो जाती है। दूर भी नही जाना पड़ता। सरकार यह आयोजन ब्लॉक स्तर पर समाज कल्याण विभाग की तर्ज पर कराए।

**श्रीमती प्रेमकली**
**सामाजिक कार्यकर्ता/स्मार्ट श्रमिक प्रतिनिधि**
**मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट कोराव प्रयाग्राज**

शादी हो जाने के बाद शादी अनुदान न दे कर पुनः सत्यापन निंदनीय है। गरीबों के साथ श्रम विभाग के अफसरों द्वारा यह हीकृत्य ठीक नहीं,

**सुनीता सिंह**
**महिला सोशल वर्कर प्रयागराज।**

### क्या बोले श्रम बोर्ड के प्रतिनिधि



जब श्रमिकों के बेटियों की शादियां हो गई तो अब शादी के बाद सत्यापन जांच निंदनीय है। जिस दिन विवाह हो उसी दिन उपहार अनुदान खाते में विभाग को डाल देना चाहिए। इस संबंध में अनिल कुमार जी प्रमुख सचिव श्रम विभाग तथा बी ओ सी बोर्ड अध्यक्ष लखनऊ से वार्ता कर रहा हूं। पूर्व में भी बैठक में में यह प्रस्ताव दे चुका हूं और प्रयास हैं कि भविष्य में ब्लॉक स्तर पर सामूहिक विवाह आयोजित हो। और श्रमिकों के आवेदन प्रक्रिया सरल तथा आफ लाइन भी हो। साथ ही पात्रों को लाभ मिले। अभी तक अनुदान न मिलना अनुचित है ही।

**राजनाथ एडवोकेट**
**सदस्य उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड खनऊ**

## न्यूज झरोखा

### ट्रक और कंटेनर में टक्कर ट्रक चालक की मौत



**सोरांव।** नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो जाने से एक चालक पहिए के नीचे आ गया। जिससे ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । जनपद औरैया निवासी बृजवासी लाल कंटेनर लेकर नेशनल हाईवे पर कानपुर की तरफ जा रहा था । कि सोरांव क्षेत्र के लूशन पुर गांव के सामने पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे कंटेनर चालक बृजवासी लाल नीचे पहिए की चपेट में आ गया गिर गया । जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अरुणा तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेश यादव का सम्मान समारोह आयोजित



**जंघई।** सेमरी न्याय पंचायत के साधन सहकारी समिति से अरुणा तिवारी पत्नी अनिल तिवारी को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर बुधवार को भोगीपुर के निवासियों द्वारा स्वागत, सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निर्वाचित अध्यक्ष अरुणा तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेश यादव सहित सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सदस्यों में आशीष कुमार दुबे, कमलेश कुमार गुप्ता, प्रेमचंद पूर्व प्रधान बभनियाँव, नागेंद्र प्रसाद, सुशीला देवी पत्नी प्रेमचंद उमरवैश्य, विनय कुमार मिश्रा, दयाशंकर सदस्य गण निर्वाचित हुए हैं।

### मानक के अनुरूप नही कराया जा रहा है सड़क का कार्य



**लेडियारी।** कोरांव तहसील अंतर्गत पी डब्लू डी से बनाई जा रही है डीही खुर्द अरुआरी मार्ग न गड्डे को सही तरीके से भरा जा रहा है न तो मानक के अनुरूप पेंन्टीग कराई जा रही है ठिकेदार द्वारा अभी तक आरसीसी डलाई जो कराई गई उसमें टुडियारी नदी की बालू मिला कर कार्य कराया गया है। ठिकेदार से बात करने की कोशिश किया गया लेकिन मोबाइल बन्द पाया गया। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बनाई जा रही सड़क को जांच करा कर मानक के अनुरूप पेंन्टीग कराने को लेकर ग्रामीणों ने मांग की है।

# पशु चिकित्सालय बड़ोखर में लटकते रहते हैं ताले !

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** पशु चिकित्सा विभाग में भी अजीबोगरीब कारनामे हो रहे हैं। पशु चिकित्सक घर बैठे वेतन ले रहे हैं। मामला पशु चिकित्सालय बड़ोखर का है जहां अस्पताल में आए दिन ताले लटकते रहते हैं। कोई भी चिकित्सक अथवा कर्मचारी अस्पताल में नहीं बैठते हैं। जिससे स्थानीय पशुपालकों व किसानों को झोलाछाप डॉक्टरों का ही सहारा लेना पड़ता है। बड़ोखर क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों ने बताया कि चिकित्सक कभी नहीं आते हैं। पशचिकित्सकों की मनमानी का आलम यह है कि बड़ोखर क्षेत्र के किसी भी गांव में पशुओं का टीकाकरण नहीं हुआ है। जिससे पशु बीमार होकर मौत के गाल में समा रहे हैं। बड़ोखर का यह पशु चिकित्सालय उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बॉर्डर सीमा पर स्थित है। जो जनपद मुख्यालय से सुदूर दक्षिणांचल में स्थित है। पशु चिकित्सकों के अस्पताल में न बैठने से क्षेत्रीय किसानों एवं पशुपालकों को झोलाछाप चिकित्सकों से ही पशुओं का उपचार कराना पड़ता है। ऐसे में तैनात किए गए चिकित्सक घर बैठे वेतन ले रहे हैं। किसानों ने मनमाने चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कोरांव डॉ सालिकराम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बड़ोखर में तैनात चिकित्सक मनमानी करते हैं। आज मेरे साथ जिले पर मीटिंग में हैं यहां के किसानों द्वारा मुझसे भी चिकित्सक के न आने की शिकायत की जाती रहती हैं। बड़ोखर गांव के रहने वाले किसान महेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि पशु चिकित्सालय में अक्सर ताले लटकते रहते हैं। तैनात चिकित्सक दिलीप कुमार नहीं आते हैं। जिससे पशुपालकों को उपचार के लिए झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता है। इसी प्रकार पशुपालक व किसान राजेश कुमार ने बताया कि चिकित्सकों के न आने से पशुओं का टीकाकरण भी नहीं हो पाता है जिससे पशु बीमार होकर मरते रहते हैं।

# किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** असमय बारिश व तेज आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि की मार से कराह रहे किसानों ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित एसडीएम कोरांव शुभम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने के दौरान क्षेत्रीय किसानों के साथ किसान संगठनों के नेता भी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल ने ज्ञापन सौंपकर एसडीएम से ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के क्षतिपूर्ति हेतु सही आकलन कराते हुए सभी किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की बात कही। एसडीएम ने कहा सर्वे कार्य चल रहा है। सर्वे के बाद निश्चित तौर पर सभी किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। किसानों ने लेखपालों के मनमानी की शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि लेखपाल जिन गांव में 70 से 80 प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई है। वहां लेखपाल महज 40 से 50 प्रतिशत नुकसानी का आकलन कर रहे हैं। जिस पर एसडीएम ने कहा मैं इसको खुद लिखवाऊंगा और नुकसानी के हिसाब से किसानों को मुआवजा मिलेगा। ज्ञातव्य हो कि बीते रविवार शाम को तेज आंधी तूफान के साथ पाल क्षेत्र के गांवो समेत उपरौध एवं लापर क्षेत्र के गांवो में जमकर बारिश व ओलावृष्टि हुई थी जिससे किसानों की दलहन तिलहन व गेहूं की फसलें बर्बाद हो गई हैं। सरकार ने ओला प्रभावित सभी किसानों को मुआवजा दिलाए जाने का हुक्म जारी किया है।



स्थानीय लेखपालों की मनमानी को लेकर किसानों एवं किसान नेताओं के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। ओलावृष्टि व बारिश से सर्वाधिक नुकसान पाल क्षेत्र के गांवो क्रमशः लखनपुर बांस, गाढ़ा, हरदिहा, जमुआ, खजुरी पचवंह, देवघाट समेत दर्जन भर गांवों में हुआ है। जहां स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल व एसडीएम तथा उप कृषि निदेशक भी सर्वे कर नुकसानी रिपोर्ट शासन को भेजी है। ज्ञापन देने के दौरान राष्ट्रीय किसान विकास मंच के जिलाध्यक्ष केवी सिंह एडवोकेट, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के नेता राजेश पांडेय, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता रामराज सिंह समेत कई पदाधिकारी व भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**किसानों के नुकसान की भरपाई जरूरी : करछना।** बीते दिनों तेज हवा के साथ हुई भारी बारिश ओले से किसानों की हजारों हेक्टेयर रबी की फसलें चौपट हो गई। खेतों में लगभग पक कर तैयार खड़ी फसल को लेकर इस दैवी आपदा के चलते किसानों की खुशियां काफूर हो गईं,और गहरी मायूसी छाई है। इसके लिए प्रशासन और विभाग द्वारा सभी प्रभावित किसानों को उनके नुकसान की शीघ्र भरपाई किया जाना जरूरी है ।यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉक्टर भगवत पाण्डेय ने बुधवार को रामपुर में हुई मिशन की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बीते साल भी अधिकार किसान ऐसी ही आपदा से प्रभावित हुए थे जिसमें फसल बीमा जैसी योजनाओं के चलते की किसानों को उनके नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकी और बीमा कंपनियों का चक्कर काट कर मायूस हो गये। उन्होंने कहा कि इस बार भी चाका क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि और करछना के की गांवों में जलवृष्टि से जमींदोज हुई फसलों को लेकर जिला कृषि अधिकारी और उपनिदेशक कृषि से वार्ता हुई है ।जल्द ही ऐसे प्रभावित किसानों के बर्बाद फसलों का आंकड़ा कर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। मिशन के लोगों ने कहा कि इस आपदा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है जिसके लिए बिना कोई बहाना किये शीघ्र ही मुआवजा दिया जाना चाहिए। बैठक में तीरथराज पाण्डेय, अशोक सिंह, रोशनओझा, विजय पाल, राजमणि चौधरी, कन्हैया लाल पाल, भोला निषाद, शोभनाथ द्विवेदी, अतुल तिवारी विनोद सिंह, सालिकराम पाठक, योगेंद्र शुक्ला, पिंटू गुप्ता, सुनील प्रजापति समेत कई लोग मौजूद रहे।

# शहीदों के सपनो का भारत बनाने तक संघर्ष जारी रहेगा : डॉ कमल उसरी

अखंड भारत संदेश

### शहीद आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत की पूर्व संध्या पर इफको फूलपुर ठेका मजदूरों ने शहीदों को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि




**फूलपुर।** प्रयागराज । इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ द्वारा विरकाजी कार्यलय पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश की शहादत की पूर्व संध्या पर याद करते हुए, 23 मार्च 2921 को इफको फूलपुर कारखाने में व्वायलर फट जाने से जिन मजदूरों असामयिक की मौत हो गई थी, उन्हें भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई,

शहिदों को याद करते हुए ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि शहीदे के सपनों का जो भारत बनना था, वो अभी नही बन पाया है, गुलाम भारत में 8 अप्रैल 1929 को ट्रेड यूनियन डिप्युट बिल के खिलाफ जिस असेम्बली में हिंदुस्तान सोसलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त और शहीद ने बम फेंका था, जो आज आजाद भारत की संसद है, उसमें काबिज भाजपा की वर्तमान केंद्र सरकार 44 श्रमिक हितकारी कानूनों को जो वर्षों के संघर्ष और हजारों मजदूरों की शहादत के बाद बने थे, उन्हें समाप्त कर पूंजीपतियों के पक्ष में 4 श्रमिक संहिता बना रही है, शहीद ए आजम भगत सिंह ने कहा था कि जब तक एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति का और एक देश द्वारा दूसरे देश का शोषण जारी रहता है, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहना चाहिए, डॉ कमल उसरी ने कहा* कि आज देश के संविधान, लोकतंत्र, देश की एकता बचाने के लिए हम संकल्प लेते हैं, शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए छात्रों- मजदूरों- किसानों- नौजवानों की एकता के साथ आम अवाम के हक हकूक के लिए संघर्ष जारी रखेगे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ सम्बद्ध ऐक्टू अध्यक्ष कॉम विजय सिंह और संचालन महामंत्री कॉम त्रिलोकी नाथ ने किया, श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ किसान नेता कॉम सुभाष चंद्र पटेल, अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह यादव, अधिवक्ता मोहम्मद अशरफ, सुभाष चंद्र भारती, त्रिभुवन नाथ यादव, राजनाथ सेकेंड, फूलचंद प्रजापति, राजेश पटेल, बंशीलाल यादव, अमर सिंह, नान्हु दास, मनोज कुमार, जगदीश कुमार, रामचंद्र गौतम, कमल सिंह, श्याम बहादुर इत्यादी लोग उपस्थित रहे। अंत दो मिनट का मौन रखकर सभी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### बाप व बेटा मिल कर विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख 16 हजार का किये फ्राड

**मऊआइमा।** विदेश भेजने के नाम पर चार युवकों से जालसाज, फ्राडी पिता पुत्र ने पासपोर्ट हडप कर तीन लाख 16 हजार रुपये हडप लिए। भुक्तभोगियों की तहरीर पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ फ्राड, जालसाजी ,अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला महतवाना निवासी फरहान अहमद, मोहम्मद जाहिद ,शकील, भोंदू को कुवैत का वीजा देने के लिए पहले पासपोर्ट जब्त कर लिया फिर वीजा देने के लिए चारों से तीन लाख 16 हजार रुपये ऐंठ लिए। वीजा, पासपोर्ट तीन लाख 16 हजार रुपये मांगने पर गालियां दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए कहे कि जो करना हो कर लो। कुछ नहीं मिलेगा। फरहान पुत्र खलीक अहमद की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम घूरघाट (अलावलपुर) निवासी मोकीम उद्दीन पुत्र गुलफूल, मोहम्मद शाहिद पुत्र मोकीम उद्दीन के खिलाफ जालसाजी, फ्राड, अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आईपीएस चिराग जैन के नेतृत्व में 3 दिन के अंदर चोरी का किया गया खुलासा , सामान बरामद



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दारागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आलमारी का लॉकर तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर एसीपी चिराग जैन के नेतृत्व में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी । वही 3 दिन के अंदर सामान बरामद करते हुए घटना का खुलासा कर दिया गया। बताया जाता है कि जनपद प्रयागराज सराय पीथा शाहीपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज निवासी बृजेश कुमार कुशवाहा पुत्र उमराज कुशवाहा अलोपीबाग दारागंज में किराए पर माकान्य लेकर रहता था । 6 मार्च को ताला बंद कर अपने गांव होली मनाने चला गया और 17 मार्च को जब वापस आया तो अलमारी का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए । जिसमें लाखों रुपए के आभूषण चोरी हो गए थे । पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । एसीपी चिराग जैन के नेतृत्व में पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की गई । जिसमें तीन दिन के अंदर आशीष यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी जहांसा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया जो तिलक नगर अल्लापुर स्थित पंकज सिंह के मकान में किराए पर रहता था। जिसके पास से लाखों के सोने चांदी के आभूषण बरामद करते हुए खुलासा किया गया है । जिसको लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जबसे एसीपी चिराग जैन ने कमान संभाली है । अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं।

### घर का ताला तोड कर जरुरी कागजात चोरी,थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** एक परिवार खेत पर आलू खोदने गया था तभी दिनदहाड़े पडोसी दंपती ने ताला तोड़कर जरुरी कागजों का थैला चोरी कर ले गये। भुक्तभोगी ने थाने में पडोसी दंपति पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घीनपुर तिलईबाजार निवासी फूलचंद्र पुत्र स्वर्गीय काशीराम के मुताबिक वह सपरिवार खेत पर आलू खोदने गया था। जब परिवार वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा था । घर में रखे जरुरी अभिलेखों का थैला गायब था। फूलचंद्र का कहना है कि थैले में उसका वशियत का कागज, आधार कार्ड, बैंक का पासबुक, मुकदमा के समस्त अभिलेखों सहित अन्य जरुरी कागज थे। बताया गया कि उसकी नतनी पलक ने पडोसी दंपत्ति पर चोरी की बात उसे बताई।.फूलचन्द्र ने मऊआइमा थाने में पडोसी दंपत्ति पर चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

### गर्भपात के बाद महिला की हालत बिगड़ी

**लालापुर।** क्षेत्र के एक अस्पताल संचालक द्वारा गारंटी लेकर गर्भवती महिला के पेट मे मरे शिशु को निकाल भविष्य में महिला को प्रसव सम्बन्धी कोई समस्या न आने का भरोसा दिया । गर्भपात के बीस दिन बाद ही महिला को ब्लीडिंग शुरू हुई तो महिला का पति अस्पताल संचालक से शिकायत करने पहुंचा तो संचालक ने उसे धमकी देते हुए भगा दिया। मामले की शिकायत पीड़िता के पति ने लालापुर पुलिस से की है। लालापुर थाना क्षेत्र के नागनपुर गांव निवासी रत्नेश कुमार त्रिपाठी की पत्नी जो गर्भ से थी । अचानक गर्भवती महिला की तबियत बिगड़ी तो रत्नेश अपनी पत्नी को लेकर गोइसरा गांव स्थित लालापुर थाना के बगल स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे । अस्पताल संचालक ने बताया कि बच्चा पेट मे खराब हो गया है । इसे तत्काल निकाला नहीं गया तो गर्भवती की मौत हो सकती है ।इसको निकालने के लिए 15 हजार देना होगा पीड़ित महिला के पति ने 15 हजार रुपये जमा कर दिए इस बीच डॉक्टर ने गारंटी ली कि भविष्य में महिला को प्रसव सम्बन्धी कोई दिक्कत नही होगी । शर्त तय होने के बाद उक्त अस्पताल के डॉक्टर ने एक महिला को बुलाकर जिसे वह डॉक्टर बताया उसके द्वारा गर्भपात करवा दिया गया। पीड़ित महिला घर पहुंची और बीस दिन बाद ही उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई । जिसके इलाज के लिए पुनः महिला को अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे तो डॉक्टर बिना किसी इलाज के डरा धमका कर वापस भेज दिया । उक्त प्रकरण की शिकायत पीड़ित ने लालापुर पुलिस से की है ।शिकायत के बाद लालापुर थाने में तैनात एक सिपाही ने उक्त शिकायत कर्ता को फोन पर धमकाया की अगर आप शिकायत करोगे तो डाक्टर आपके ऊपर मुकदमा करवा देगा ।डाक्टर बोल रहा था चार मुकदमा मेरे ऊपर चल रहा है एक और हो जायेगा मुझे कोई डर नहीं ये मेरा रोज का काम है ।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक शंकरगढ़ डाक्टर अभिषेक सिंह ने बताया की शिकायत कर्ता ने फोन पर जानकारी दिया है ।बुधवार को शिकायती पत्र देने की बात कहा है शिकायती पत्र मिलने के बाद जांच की जायेगी ।अगर अस्पताल संचालक द्वारा गर्भपात य प्रसव सम्बंधित कार्य बिना किसी आदेश के अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा कराया जाता है यो घोर अपराध है। इस तरह के करने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा।

## विकास खंड कोरांव में पीएम सीएम आवास में हो रही जमकर वसूली, जनसुनवाई पोर्टल तहसील दिवस में भी नहीं हो रही कारवाई

# अंधेर गर्दी : दलित एवं दोनों आंख से दिव्यांग व्यक्ति को नहीं मिला आवास !

मो. गौस

**रत्योरा।** इस समय कोरांव विकासखंड में व्यापक पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास एवं सीएम आवास में व्यापक पैमाने पर दलित गरीब पात्र लोगों का सूची में अंकित नाम काट काट कर मोटी रकम लेकर अपात्रों को आवंटित कर दिया जा रहा है जिससे पात्र लाभार्थी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार में भी अधिकारियों को भय नहीं दिख रहा है।

इस समय विकासखंड कोरांव में कुल 115 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना में ग्राम विकास अधिकारी एवं विकास खंड अधिकारी के अस्तर से ?20000 रुपए से लेकर के अपात्रों को आवास आवंटन कर दिया जा रहा है। और पात्र लाभार्थी आवेदन करके थक हार अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं ।दरअसल प्रधानमंत्री एवं सीएम आवास योजना में वक्ता सूची में अंकित लोगों का नाम जिस पात्र लाभार्थी ने सुविधा शुल्क नहीं दिया उसका सचिवों द्वारा नाम काट दिया जा रहा है ।और लिस्ट डिलीट कर दिया जा रहा है ।चर्चा है कि जिस लोगों का आवास अपात्र किया गया और जिन्हें आवंटित किया जा रहा है वह काटे गए लाभार्थियों से ज्यादा भी अपात्र हैं। ऐसी स्थिति में लाभार्थियों का आरोप एवं शिकायत स्वभाविक है।



आवास लाभार्थी दिव्यांग दिलजान

उदाहरण के तौर पर ग्राम ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया निवासी सूरदास दिलजान पुत्र रघुवीर कोल जो की दोनो आंख से दिव्यांग है और पात्रता सूची में नाम था ।तहसील दिवस में शिकायत किया है कि मेरे गांव का ग्राम विकास अधिकारी कमल कुमार के द्वारा ?10000 विकलांग होने के नाते मांगा किया था और विकलांग ना होते तो तुमसे ?20000 लिया जाता। किंतु 10000 न देने पर नाम काट दिया गया। ऐसे कई गांव में आवास आवंटन में हेराफेरी की गई है। जो लाभार्थी पीड़ित समाधान दिवस से लेकर जिलाअधिकारी प्रयागराज और विकास भवन तक आवेदन कर रहे हैं किंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।इस प्रकरण की जांच होना आतंक आवश्यक है। इस मामले को लेकर क्षेत्र समिति की बैठक में भी जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे ने सदन में मामला उठाया था और पात्रों को काटकर के अपत्रो को आवास दिए जाने की जांच कराए जाने की मांग की थी किंतु अभी तक कोई कार्रवाई न होने से लाभार्थियों एवं जिला पंचायत सदस्य में भी नाराजगी देखी जा रही है । नाम न छापने की शर्त पर कई ग्राम प्रधानों ने बताया कि ब्लाक के अधिकारियों के द्वारा आवास के नाम पर वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। जिन गांव में प्रधान ने लाभार्थियों से वसूली नही कर रहे है। उस गांव में तैनात ग्राम सचिव के द्वारा वसूली कर रहे है जिन लोग गरीब होने के नाते पैसा नही दे रहे है ऐसे लोगों का आवास काट दिया जा रहा हैं। ब्लॉक में शिकायत करने आते हैं तो ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी यह कह देते हैं कि तुम्हारा आवास ग्राम प्रधान ने हीं कटवा दिया है ।जिससे गांव में भी शांति व्यवस्था भंग हो रही है । उन्होंने बताया कि हद तो तब हो गई जब ग्राम सचिव खुद लाभार्थियों का घर जा जाकर पैसा वसूल रहे हैं अब बराबर शिकायतें मिल रही हैं किंतु ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मुकदर्शक बने हुए हैं।

इस संदर्भ में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आवास में पैसा वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित गांव की जांच कराई जाएगी मामला सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# 5 आरोपियों को सीजेएम कोर्ट में किया पेश 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के इशारे पर 24 फरवरी को हुई उमेश पाल की हत्या के मामले में आज पुलिस ने दिन 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था उन्हें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में सभी पांचों आरोपियों की 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा स्वीकार कर ली है। पुलिस ने नियाज अहमद, मोहम्मद सजर, कैश अहमद, राकेश कुमार और अरशद कटरा उर्फ अरशद खान को जेल भेज दिया है।

**74 लाख 72 हजार रुपए बरामद हुए थे :** सीजेएम दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कैश अहमद और राकेश कुमार की निशानदेही पर अतीक के कार्यालय पर मंगलवार को छापेमारी हुई थी। पुलिस ने अतीक के कार्यालय से हथियारों का जखीरा और 74 लाख 72 हजार रुपए बरामद किए थे। गिरफ्तार पांचों अभियुक्तों की पुलिस ने अलग-अलग भूमिका उमेश पाल शूटआउट कांड में बताई है।

**नियाज अहमद ने रेकी की थी :** नियाज के पास से फोन बरामद हुआ है जिसकी छानबीन चल रही है। असद ने इंटरनेट कॉल पर अतीक अहमद और अशरफ से भी इसकी बात कराई थी। मोहम्मद सजर उमेश पाल की कचहरी से लेकर घर तक की लोकेशन देता था। ड्राइवर कैश अहमद और मुंशी राकेश कुमार शूटआउट के बाद असलहा व कैश छिपाने में शामिल थे, जबकि अरशद कटरा उर्फ अरशद खान पुलिसकर्मियों की मौत की साजिश में शामिल रहा है। पुलिस ने सभी आरोपियों को धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयरामपुर से गिरफ्तार किया था।

## पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की पैरोल एक बार फिर बढ़ी, 29 मार्च को होगी अगली सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उदयभान करवरिया की पैरोल (अंतरिम जमानत) एक बार फिर बढ़ा दी है। यह पैरोल केस की अगली तिथि पर सुनवाई तक के लिए बरकरार रहेगी। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले को सुनवाई दूसरी खंडपीठ को नामित करने के लिए मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेज दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 29 मार्च की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति डॉ. कौशल जयेंद्र ठाकर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने उदयभान करवरिया की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पहले मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी की ओर से तर्क दिया गया कि याची पैरोल का गलत फायदा उठा रहा है। कहा कि कोर्ट चिकित्सकीय आधार पर याची की पैरोल बढ़ा रही है, जबकि, याची की हाल ही में हुई उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के साथ सोशल मीडिया में तस्वीरें वायरल हो रहीं हैं। याची समारोहों में भी शामिल हो रहा है। उसकी भी तस्वीरें सामने आईं हैं। उसकी कोई सर्जरी नहीं हुई। लिहाजा, इनका पैरोल समाप्त किया जाए।

# उमेश की हर गतिविधि की हुई थी रेकी

## हत्या वाले दिन लाइव सुन रहा था माफिया अतीक का बेटा असद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हत्या से पहले उमेश पाल की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। असद पल पल की जानकारी रेकी करने वालों से ले रहा था, जिस दिन उमेश की हत्या होने वाली थी, रेकी करने वाले सुबह से ही एक्टिव थे। असद को उमेश के हर मूवमेंट की जानकारी दी जा रही थी। जब उमेश कचहरी से चला तो रेकी करने वालों की भी गाड़ी पीछे लग गई। उमेश की गाड़ी किस चौराहे से किधर मुड़ी, असद लाइव सुन रहा था। जिन लोगों को रेकी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसमें सबसे प्रमुख नाम धूमनगंज के नियाज अहमद का है। हत्या से कुछ दिन पहले असद ने नियाज अहमद की अतीक और अशरफ से मोबाइल फोन से बात कराई थी।इसके बाद उमेश की हत्या से संबंधित चकिया स्थित अतीक के घर में जितनी बैठकें हुईं, नियाज सभी में शामिल हुआ। नियाज ने कचहरी से उमेश का पीछा किया। वह असद को बताता रहा कि उमेश की गाड़ी कहां पहुंची। किस तरफ मुड़ी। किस स्पीड से चल रही है। कौन कौन गाड़ी में बैठा है। जयंतीपुर धूमनंगज का रहने वाला मो. सजर, उमेश पाल का पड़ोसी है। असद ने उसे इसलिए चुना कि वह उमेश की हर गतिविधियों की जानकारी पहुंचाता रहे। इसके लिए असद ने उसे एक आईफोन दिया था। मो. सजर से कहा गया था कि वह सिर्फ इंटरनेट कालिंग के जरिए उमेश की गतिविधियों की जानकारी देगा।

### सजर ने की थी उमेश की पूरी मुखबिरी

सजर प्रतिदिन बताता था कि उमेश किस समय निकला, उसके साथ कौन कौन था। किस समय वापस आया। हत्या वाले दिन भी सजर ने उमेश की पूरी मुखबिरी की थी।कटरा का रहने वाला अरशद कटरा, उमेश की हत्या संबंधित जो भी बैठकें अतीक के चकिया स्थित घर में होती थीं, सभी में शामिल होता था। पुलिस कमिश्नर का कहना था कि अरशद कटरा की और भी भूमिका थी, जिसकी जांच की जा रही है।धूमनगंज का रहने वाला कैश अहमद 16 साल से अतीक अहमद के घर में ड्राइविंग करता है। हत्या के बाद असद और शाइस्ता ने गिरोह के असलहों और कैश को छिपाने की जिम्मेदारी दी थी।

### अतीक के घर में पिछले 19 वर्षों से मुंशीगीरी करता था राकेश

कौशाम्बी के पश्चिम शरीरा का रहने वाला राकेश कुमार उर्फ लाला, अतीक के घर में पिछले 19 वर्षों से मुंशीगीरी करता था। अतीक का हिसाब किताब वही रखता था। हत्या के बाद शाइस्ता और असद ने राकेश को असलहा और कैश छिपाने की जिम्मेदारी दी थी। कैश और राकेश उर्फ लाला की निशानदेही पर ही अतीक के कार्यालय से नोटों, असलहों और कारतूसों का जखीरा पकड़ा था।

## दो निजी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए फ्री अल्ट्रासाउंड की उपलब्ध हुई सुविधा

योजना के तहत शुरू नई पहल, कौशाम्बी ई- बाउचर के माध्यम से भुगतान कर गर्भवतियों के लिए फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा, जनपद के 2 निजी केंद्र इस अभियान में अभी तक शामिल, हर माह की 9 व 24 को होगा सुरक्षित मातृत्व अभियान

**प्रयागराज।** 2023 गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नई पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाली गर्भवती की मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जिले में दो सेंटर अनुबंधित है। अब गर्भवती का मुफ्त अल्ट्रासाउंड करने वाले निजी केंद्रों को ई-रूपे के बाउचर से मौके पर ही भुगतान कर दिया जाएगा। गर्भवती के अल्ट्रासाउंड कराने के बाद वह केंद्र संचालक को ई-रूपे का बारकोड दिखाएगी। जिसे स्कैन करते ही जांच का पैसा सीधे केंद्र संचालक के खाते में पहुंच जाएगा। हमारा उद्देश्य जेएसवाई के तहत गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त मुहैया कराना है, यह कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार को आरसीएच नोडल एसीएमओ डॉ. एस के झा ने बताया कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत अभी जिले के सिराथू के दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों वंदना अल्ट्रासाउंड व हिना अल्ट्रासाउंड पर गर्भवती की मुफ्त जांच हो रही है। गर्भवती की सुविधा के लिए जल्द ही जिले के और प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों को इसमें शामिल किया जाएगा। जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के तहत गर्भवती को सभी सेवाएं मुफ्त दी जाती हैं। प्रत्येक माह की नौ तारीख को जनपद के सभी स्वास्थ्य इकाई व 24 तारीख को जनपद के सभी आठ प्रथम संदर्भन इकाई (फर्स्ट रेफरल यूनिट ) इकाइयों में प्रधानमंत्री - सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस मनाया जाता है। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ अथवा एम.बी.बी.एस चिकित्सक गर्भवती की समस्त प्रसवपूर्व जांच कर उनका उपचार करती हैं ।गर्भवती को जरूरत के अनुसार खून की जांच व अल्ट्रासाउंड भी लिखा जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नई व्यवस्था शुरू की गयी हैं जिसके अनतर्गत मुफ्त जांच के प्रावधान हैं इसे के अंतर्गत 12 और केन्द्रों को जोड़ने कि प्रक्रिया चल रही जल्द उनमे भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। मैटरनल हेल्थ कंसल्टेंट आकश दीप बताते हैं कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उन गर्भवती महिलाओं का नाम, पता व मोबाइल नंबर जिले पर उपलब्ध कराएंगे, जिन्हें अल्ट्रासाउंड जांच लिखी गई है। इसके बाद जिला स्तर पर बनाकर ई-रुपे बाउचर बनाकर लाभार्थियों के मोबाइल पर भेज दिया जाएगा। ये बारकोड एक महीने तक मान्य रहेगा। आकाश बताते है कि 9 फरवरी 2023 से प्रारम्भ हुए इस अभियान में अभीतक 96 बाउचर जनरेट किये गए। लाभार्थी बयान में तबसुम ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना कार्यक्रम में जब जाँच करने पहुंची तो डॉक्टर की सलाह से मुझे अल्ट्रासाउंड की जाँच के लिए कहा गया तो मैं सोच में पड़ गई तभी आशा दीदी ने बताया आज के दिन 9 और 24 को गर्भवती का फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हुई है तो अब परेशानी की कोई बात नही हैं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** मंगलवार को भियूंरा थाना उतरांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। श्री राम कथा के प्रथम दिवस कथा शुभारंभ के मौके पर विजय गिरी के द्वारा पोथी व कलश यात्रा निकली गई। थाने के सामने स्थित मंदिर से विशेष पूजा अर्चना के बाद पोथी व कलश यात्रा प्रारंभ हुई। यह पौथी व कलश यात्रा डीजे व बैण्ड बाजे के साथ निकाली गई। कथा ब्यास मनोज शास्त्री ने बताया कि रामचरित मानस केवल एक ग्रंथ नही बल्कि आयार्वृत्त की धर्म व संस्कृति को प्रकट करने वाला विशिष्ट पुराण है। आगे कहा कि रामचरित मानस की रचना कर महर्षि तुलसीदासजी ने भारतवासियो पर अंनत उपकार किया है। यह ग्रंथ शिव व हरी विष्णु की महिमा को एकाकार करने की प्रेरणा देता है। रामचरित मानस में शिव व पार्वती की कथा एवं उसके बाद प्रभु श्रीराम की कथा दोनो ग्रंथ में समाहित है। संगीतमय पाठ और महायज्ञ लिए पंडाल दुल्हन की तरह सजाया गया है ।उतरांव भियूरा गांव में पहली बार इतना वृहद 21 कुंडीय महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वही कार्यक्रम क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से आयोजित किया गया है। थानाध्यक्ष श्रवण कुमार और मुख्य यजमान विजय गिरी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। 22 मार्च से 30 मार्च तक संगीत मय कथा का आयोजन चलता रहेगा तथा 31 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बिपिन उर्फ पिन्टू मिश्रा भाजपा नेता,सुभम श्रीवास्तव, महेन्द्र गिरी पुजारी, हरिमोहन मिश्र,राहुल मिश्रा, राम आधार, नीलम यादव, बनारशी गिरी, शिव गिरी,राम जी श्रीवास्तव, गौरव, सुभम, मन्देश, राजेन्द्र, सुदामा शर्मा, मिथिलेश सोनी,सोहन यादव आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन सम्पन



**प्रयागराज।** एस. एस. खन्ना महिला महा विद्यालय, प्रयागराज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 56 , 57,58 व 59 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन आज दिन का आरंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत एवं योगाभ्यास के साथ हुआ । उसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने विश्व जल दिवस के अवसर पर रैली निकालकर आस-पास के क्षेत्रों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। दिन के तृतीय सत्र में प्रिमरोज शिक्षा संस्थान के संस्थापक फरहान आलम ने रक्तदान और हृदयाघात जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को रक्तदान के महत्त्व और उससे जुड़े भ्रामक मतों के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। इसके साथ ही हृदयाघात पड़ने पर त्वरित उपचार किये जाने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही से परिचित कराया। भोजनोपरान्त के पश्चात के अगले सत्र में स्वयंसेविकाओं को ऑस्कर अवार्ड से पुरस्कृत वृत्तचित्र "दि एलीफैंट व्हीसपर्स" को दिखाया गयाकआज के दिन के अंतिम सांस्कृतिक गतिविधि सत्र का समापन "आजाद भारत आजाद युवा" विषय पर भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के साथ किया गया। जिसमें अवंतिका श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।संध्या जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आँचल भारतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज के दिन के कार्यक्रम की सम्पूर्ति तक कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. आदित्य कुमार त्रिपाठी, डॉ. सौम्या कृष्ण, डॉ. नेहा राय, डॉ. प्रियंका गुप्ता के साथ महाविद्यालय के अन्य शैक्षणिक सदस्यों डॉ प्रीति यादव,डॉ रिया मुखर्जी, डॉ हरीश कुमार सिंह की उपस्तिथि बनी रही। गैर-शैक्षणिक सदस्यों में सुशील और कुलदीप जी की उपस्थिति रही।

### माँ दुर्गा की कलश स्थापना कर शुरू हुई पूजा

**कोराव।** बासंतिक नवरात्रि में कोरांव तहसील के मन्दिरों तथा घरों में लोगों के द्वारा कलश स्थापना करके माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही हैक्षेत्र के मन्दिर लेड़ियारी बाजार के काली मंदिर, भोले बाबा के स्थान पवांरी, जमसोत तथा बघोल, पथरताल हनुमान मंदिर पर बुधवार सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।


**आवश्यकता है**

**श्री महेंद्र सिंह यादव विधि महाविद्यालय, तरांव, कोरांव, प्रयागराज। सम्बद्ध-प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।**

***त्रि-वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम हेतु-***
प्राचार्य-1 पद, सहाचार्य-9 पद।

**वेतन एवं योग्यता यूजीसी के मानकानुसार**
लाईब्रेरियन-1 पद, लिपिक-2 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टंकण)-1 पद, सुरक्षाकर्मी-4 पद, चपरासी-6 पद, माली-1 पद, सफाईकर्मी-8 पद।
विज्ञापन के 21 दिवस के अंदर महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आवेदन जमा करें।

**मो0: 8953047016, 9455426733**


### दहेज की मांग न पूरी होने पर पत्नी के साथ किया अप्राकृतिक मैथुन

**मऊआइमा।** दहेज में दो लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने पहले जम कर पीटे और पति हैवान बनकर पत्नी के मर्जी के खिलाफ दुराचार किया औए अप्राकृतिक सेक्स कर मार पीट कर भगा दिए। पीडिता ने मऊआइमा थाने में पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम देवापुर निवासनीय एक युवती की शादी कुछ वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ के थाना जेठवारा के ग्राम सराय मकईपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र सुखराम निर्मल के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उससे दो लाख नगदी और अतिरिक्त दहेज मांगा जाने लगा न मिलने पर उसके साथ अनेकों प्रकार की प्रताडना की जाती रही। विवाहिता का आरोप है कि एक दिन ससुरालियों ने जम कर पीटे । विवाहिता का आरोप है कि उसके मर्जी के खिलाफ पति पहले दुराचार किया, फिर अप्राकृतिक मैथुन किया। विरोध करने पर मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता मयके पहुंच कर आप बीती बताई। पीडिता की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने विवाहिता के पति धर्मेंद्र कुमार ,देवर अमरनाथ ,सास सांवरी देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अनेकों संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मानवता के कल्याण हेतु सपा प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने किया यज्ञ का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**झूंसी स्थित श्री पीठ आश्रम की नवीन यज्ञ शाला में डाली प्रथम आहुति**



**झूंसी, प्रयागराज।** चैत्र नवरात्र एवं नव सम्वतसर के प्रथम दिन बुधवार को झूंसी के देवनगर स्थित 1008 योगिराज श्री रमेश जी महाराज के संयोजकत्व में उनके आश्रम श्री पीठ में नव निर्मित यज्ञशाला में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मानवता के कल्याण एवं बंधुत्व की भावना जागृति हेतु प्रथम आहुति डालकर यज्ञ का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए प्रो. रामगोपाल ने कहा कि सत्य की जीत एवं आपसी सद्भाव के लिए पवित्र विचार से सत्कर्म करते रहना चाहिए,यज्ञ भी उसी का अंग है। उन्होंने यह भी कहा कि आज लोंगो को जिस तरह से भ्रमित और डराया जा रहा है यह स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के लिए घातक है। जिस तरह यज्ञ कुंड में मनुष्य अपने कल्याण के लिए समिधा की आहुति डालता है उसी तरह सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अपने निजी स्वार्थो की आहुति देना चाहिए। इसलिए कि स्वाहा का अर्थ होता है 'स्व' माने अपना और 'आहा' माने अहंकार। प्रो. रामगोपाल ने यह भी कहा कि कुछ लोग अपने शक्ति के बल पर समाज में जिस तरह भय और भ्रम का वातावरण पैदा कर रहे हैं स्वस्थ मानव समाज के लिए यह उचित नहीं है। ऐसी शक्तियों को अपने आचार और विचार में पारदर्शिता लाने की जरुरत है। बमरौली हवाई अड्डे पर पहुंचने पर सपा नेता नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपने नेता का सपाइयों ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में दान बहादुर मधुर, हिमांशु कुमार सिंह, आर. एन. यादव, सचिन श्रीवास्तव, कुलदीप यादव आदि रहे। यज्ञ की शुरूआत योगिराज श्री रमेश जी महराज एवं उनके शिष्यों के मन्त्रोच्चारण से प्रारम्भ हुआ जो लगातार चलता रहेगा। यज्ञ में आहुति डालने वालों में प्रमुख रूप से सपा निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव,पूर्व एम एल सी बासुदेव यादव, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, विधायक श्रीमती विजमा यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष योगेश यादव, कमल सिंह यादव, कृष्णमूर्ति यादव, दान बहादुर मधुर, हिमांशु सिंह,आर. एन यादव, गणेश यादव, सचिन श्रीवास्तव,इंजी. विक्रम यादवआदि रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत नीबी, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/राज्य वित्त/2022-23 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 22-03-2023

ग्राम पंचायत **नीबी** में वित्तीय वर्ष 2022–23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **नीबी** विकास खण्ड जसरा में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 23–03–2023 से दिनांक 06–04–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 07–04–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 07–04–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में किचेन सेट निर्माण कार्य | 2.46 लाख | 1 माह |
| 2. | आशा राम पाण्डेय के घर से हरिशंकर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 90 मीटर | 3.50 लाख | 1 माह |
| 3. | नीम के पेड़ से कल्लू यादव के घर तक इण्टरलाकिं कार्य 130 मीटर | 6.00 लाख | 1 माह |
| 4. | सन्तलाल यादव के घर से मक्खन लाल हरिजन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 70 मीटर | 4.50 लाख | 1 माह |
| 5. | पंचायत भवन में शेष बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य 40 मीटर | 3.00 लाख | 1 माह |
| 6. | हौसला तिवारी के घर से सन्तू तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य पंचायत भवन तक 150 मी. | 5.00 लाख | 1 माह |
| 7. | मेन इण्टरलाकिंग से कल्लू पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 75 मीटर | 4.00 लाख | 1 माह |
| 8. | राजेन्द्र पाण्डेय के घर से रमाशंकर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 75 मीटर | 4.00 लाख | 1 माह |
| 9. | सुखलाल के मेन खडंजा से जगन्नाथ के घर तक इण्टरलकिंग कार्य 100 मीटर | 5.00 लाख | 1 माह |
| 10. | मिठाई कुम्हार के घर से शंकर जी मंदिर तक इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य | 4.00 लाख | 1 माह |
| 11. | मातादीन हरिजन के घर से किन्ना हरिजन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 180 मीटर | 6.00 लाख | 1 माह |
| 12. | तालाब संख्या 76 (ख) पर अमृत सरोवर कार्य | 8.68 लाख | 1 माह |

**प्रवीण कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नीबी**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**कमल सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत नीबी**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**


# आरएसएस ने पूर्ण गणवेश में किया पथ संचलन

अखंड भारत संदेश

**भारत माता की चित्र के साथ निकाली गई शोभा यात्रा, ग्रामीणांचल और शंकरगढ़ कस्बे के सैकड़ों लोग हुए शामिल**



**शंकरगढ़।** भारत केवल एक भूमि का टुकड़ा ही नहीं अपितु एक जीता जागता स्वरूप है। संघ का कार्य ईश्वरीय कार्य है। संघ के स्वयंसेवक बनने के लिए संघ के रीति नीति को समझना आवश्यक है।उक्त उद्गार जिला प्रचारक यमुनापार आलोक जी ने खण्ड शंकरगढ़ के वर्ष प्रतिपदा के बौद्धिक में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा।जिला प्रचारक ने कहा कि हिन्दू नव-वर्ष प्रतिपदा प्रकृति के नवरूप में परिणित होकर नवपुष्पों-फलो तथा नए पल्लवों से शोभायमान होकर नए वर्ष के आगमन की सूचना देते है। जीवन मे संतुलन बना रहे इसके लिए नवरात्रि एवं शक्ति उपासना की जाती है। संघ २०२५ में शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। चैत्र प्रतिपदा के मौके पर नगर पंचायत शंकरगढ़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शोभा यात्रा निकाल कर पथ संचलन किया गया। पथ संचलन के इस कार्यक्रम में संघ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूर्ण गणवेष में शामिल हुए। राजभवन से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।शोभा यात्रा नगर के सदर बाजार, लाइनपार,रानीगंज, पुरानी बाजार होते हुए विभिन्न जगहों में घूमी। पथ संचलन की अध्यक्षता रामखेलावन गुप्ता ने किया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को संगठित होकर राष्ट्रभक्ति करने का संदेश दिया। पथ संचलन में प्रमुख रूप से जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख अखिलेश जी, खंड संघ चालक सूर्यकांत, खंड कार्यवाह नरेंद्र,खंड शरीरिरिक शिक्षण प्रमुख रमेश जी, खंड प्रचारक आशुतोष, जिला बौध्दिक प्रमुख मुकेश, व्यवस्था प्रमुख प्रेमचंद, मूलचंद्र गुप्ता, गोपाल दास गुप्ता, रामानुज गुप्ता, दीपक कुमार, अनूप केसरवानी, सुजीत केसरवानी, दिलीप कुमार, रोहित केसरवानी, सुनील केसरवानी, जितेन्द्र बहादुर समेत सैकडों लोग शामिल हुए।



### हिन्दू नववर्ष पर निकाली गई शोभा यात्रा

**लेडियारी।** यमुनानगर के लेड़ियारी, खीरी, कोरांव बाजार में हिन्दू नव वर्ष पर भगवा ध्वज हाथों में लेकर डी जे के साथ नाचते गाते मंडी तिराहे से पवांरी लिंक मार्ग तक शोभा यात्रा निकाल कर नये संवत्सर पर लोगों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना हेतु प्रार्थना कियोखीरी, लेड़ियारी, कोरांव के सैकड़ों लोगों ने नव वर्ष पर अपने अपने घरों पर ध्वज फहराकर खुशी जाहिर किया। शोभा यात्रा में प्रधान बहरैचा शंकर दयाल तिवारी, विभव मिश्र, गणेश प्रसाद मिश्र, आशीष मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, आचार्य इंद्रदेव तिवारी, शिव प्रसाद मिश्र, बी पी सिंह, संजय केशरी, बलदाऊ केशरी, बंटी केशरी, भूपेंद्र मिश्र आदि लोग शामिल रहे।

# पहले दिन गूंजा देवी मन्दिरों में आराधना का स्वर

## घर-घर हुई कलश स्थापना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नवरात्र के प्रथम दिन बेल्हा देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आज पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। बेल्हा देवी मंदिर में इसके लिये सुबह से ही लोग पंक्तिबद्ध होकर मंदिर में खडे. दिखाई पडे.। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये यहां बैरीकेटिंग लगाई गई है और पुलिस व्यवस्था भी चैकस की गई है।



बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन को लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों मे आराधना के स्वर सुबह से देर शाम तक गुंजायमान दिखे। वही घरो मे भी श्रद्धालुओं ने मां देवी की आराधना के लिए शुभ मुहूर्त मे कलश स्थापना की। घरो तथा मंदिरो मे दुर्गा सप्तसती पाठ का भी आयोजन हुआ दिखा। नगर के हरिहरमंदिरम में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा व मां पीताम्बरा तथा मां विश्वमोहिनी के दर्शन पूजन किये। सिद्धपीठ इनहन भवानी धाम मे भी नवरात्र पर मेले के पहले दिन श्रद्धालुओ का संगम दिखा। बाबा घुइसरनाथ धाम मे आदिशक्ति का भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं मे उल्लास लिए हुए देखा गया। अगई स्थित दुर्गन देवी धाम, गुम्मौर देवी वन, सांगीपुर वार्ड की चैहर्जन देवी धाम, ढ़िगवस कल्यानपुर में मां काली मंदिर, उमापुर वार्ड में देवी मंदिरों, राहाटीकर में मां दुर्गा मंदिर आदि धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालुओं को नारियल व फूल एवं रोली चंदन के साथ मां की आराधना मे मगन देखा गया। एहतियातन पुलिस भी धार्मिक स्थलो पर शांति व्यवस्थाओं को लेकर भ्रमणशील दिखी।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर हुए भण्डारे मे देर रात तक श्रद्धालुओ ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भजन व संकीर्तन में भी श्रद्धालुओ को उत्साहित देखा गया। भण्डारे मे संस्कृत विद्वान डा. वाचस्पति शुक्ल के संयोजन मे वैदिक मंत्रोच्चारण व हरे राधे संकीर्तन मे श्रद्धालु आस्थामय देखे गये। भण्डारे का संयोजन समाजसेविका सुशीला शुक्ला व अंशू शुक्ला ने किया। भण्डारे मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी पहुंचे। आयोजन समिति के प्रदीप शुक्ल, विजयनाथ तिवारी, लवकुश शुक्ल, आशीष शुक्ल ने डा. वाचस्पति शुक्ल का सारस्वत सम्मान भी किया। इस मौके पर आचार्य रामअवधेश मिश्र, डा. दुर्गा प्रसाद ओझा, विशालमूर्ति मिश्र, विनोद सोनी, हरिमोहन यादव, रवीन्द्र विश्वकर्मा, पप्पू मिश्रा आदि रहे।

# दुर्घटना में अधेड़ की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना मे अधेड की मौत हो गयी। मृतक के शव को बुधवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया। सांगीपुर थाना के इदिलपुर हुसैनपुर निवासी कल्लू वर्मा का पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद 48 बाजार में ढेला पर चाट लगाया करता था। मंगलवार को रात करीब सात बजे विन्देश्वरी ठेला लेकर घर जा रहा था। घुइसरनाथ हाइवे से जुडी बडी नहर पर वह तिनमोहनिया के पास पहुंचा कि अचानक किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। देर रात गश्ती पुलिस की नजर विन्देश्वरी को सड़क पर बेहोशी हालत मे पडी तो आननफानन मे पुलिस उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी। यहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मृतक के घर पहुंची तो कोहराम मच ग या। पुलिस ने बुधवार की सुबह मृतक के शव का पंचनामा करवाया। पीएम के लिए मृतक के शव को जिला मुख्यालय भेजवाया गया है।

# ब्लॉक परिसर में ही अधूरा पड़ा विकास कार्य

## एक वर्ष बाद भी नही पूर्ण हो सका मॉडल तालाब व सामुदायिक शौचालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ब्लॉक परिसर स्थिति मॉडल तालाब व सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पहले शुरू कराया गया, लेकिन लापरवाही के चलते अभी भी पूर्ण नहीं हो सका है। आधे-अधूरे विकास कार्य कही न कही से अधिकारियो की लापरवाही को दर्शा रहे है।

स्थानीय विकास खंड परिसर को खूबसूरत बनाने के लिए लगभग एक वर्ष पूर्व मॉडल तालाब व लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया गया,लेकिन अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। परिसर में दूर-दराज से आने वाले लोगो की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण शुरू कराया गया था, जिससे ब्लाक आने वालों लोगो को शौच क्रिया के लिए भटकना न पड़े, लेकिन उसका भी कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। विकास खंड के अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। जब उनके नाक के नीचे हो रहे कार्यों में कार्यदाई संस्था की लापरवाही इस कदर है तो ग्राम पंचायतों के कार्यों की स्थिति क्या होगी? इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में खंड विकास का प्रभार देख रहे एसडीएम तनवीर अहमद ने बताया कि अधूरे कार्य को देखा गया है। शीघ्र ही निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जायेगा।

## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 अवनीश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 402/22 धारा 363, 366, 504, 506, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त लवकुश पाल उर्फ गोरे लाल पाल पुत्र रामदुलारे पाल नि0ग्राम बहुचरा तेलियाही थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र रानीगंज के ग्राम पुरानी जामताली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# आफत बनी आंधी पानी, पेड़ों के गिरने से चरमराई विद्युत व्यवस्था

## किसानों के गेहूं व सरसों की फसल हुई बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार की शाम आफत बनकर आंधी व पानी आया था। तेज हवाओं के साथ ओले के गिरने से आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ गिर गये थे। इसकी वजह से कई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। देर रात बिजली तो आ गई लेकिन किसानों की फसल इस तरह बर्बाद हुई है कि वह अपनी किस्मत पर रो रहा है।

उसकी गाढ़ी कमाई गेहूं व सरसों की फसल उसके आंखों के सामने भीग रहा था। इससे किसान की गाढ़ी कमाई पर ग्रहण लगता देख किसान निराष हैं। शहर में रेलवे स्टेषन रोड, जिलाधिकारी आवास के सामने सड़क पर,



आंधी पानी से स्टेशन रोड पर गिरे पेड़ को हटाते नपा कर्मी।

कम्पनी गार्डेन सहित लगभग दस पेड़ तो शहर में ही गिर गये थे। इसी तरह की सूचना ग्रामीण क्षेत्रों से भी मिली है। शहर में जिला प्रषासन के निर्देष पर नगर पालिका के कर्मचारी देर रात तक पेड़ काटते रहे लेकिन स्टेषन रोड, कम्पनी गार्डेन तथा मुख्य सड़कों पर कटा पेड़ आज बुधवार को हटाया गया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका के डेढ़ दर्जन कर्मचारी पेड़ों को काटने में लगे थे जिसे आज जेसीबी व ट्रैक्टर से हटाया गया। इस कार्य में अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह व मिथिलेष सिंह भी निगरानी कार्य करते रहे। बता दें कि मंगलवार की शाम सवा छह बजे वर्षा शुरू हुई थी। उस समय ज्यादातर लोग बाजारों में थे लेकिन थोड़ी देर बाद जब बडे.-बडे. पत्थर गिरने लगे तो लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। लगभग एक घंटे तक वर्षा के साथ ओले गिरने से अफरा-तफरी रही। घंटे भर बाद पानी तो लगभग थम गया और गिरे पेड़ भी हट गये लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान किसानों का हुआ है जिसकी भरपाई जल्दी हो पाना मुष्किल दिखाई दे रहा है।

# मदरसा की छात्र-छात्राओं को क्षय रोग के प्रति किया गया जागरूक

## विश्व क्षय रोग दिवस पर मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद के टी0बी0 यूनिट डीटीसी मदरसा दारुल उलूम गुलषने मदीना, पल्टन बाजार में छात्र-छात्राओं का संवेदीकरण किया गया। संवेदीकरण द्वारा छात्र-छात्राओं को टी0बी0 रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्रदान की गई

इस दौरान जानकारी देते हुए सरकार द्वारा प्रदत्त टीबी के मरीजों को निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं



क्षय रोग के प्रति जानकारी देते अधिकारी व प्रधानाचार्य।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिया जा रहा है। टीबी के मरीजों को उपचार पूर्ण होने तक निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत रुपए 500 प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में हस्तान्तरित किया जाता हैं। यह जानकारी जिला कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा दी गयी। प्रधानाध्यापक जनाब मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी द्वारा भी छात्र-छात्राओं को बताया गया कि अगर कोई भी टीबी0 के लक्षण वाले व्यक्ति की जानकारी हो तो अवश्य जाकर जांच करायें एवं उपचार प्राप्त करें। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत 2025 तक टीबी मुक्त भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के लक्षण वाले सम्भावित मरीजों की जांच कर धनात्मक मरीज पाये जाने पर उनका इलाज प्रारम्भ किया जा रहा है। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा दी गयी है। इस मौके पर षिक्षकगण रिजवान अहमद, फिरोज अहमद समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा तथा अधिकारों के प्रति बार कौसिल का जारी रहेगा मजबूत प्रयास

## बार कौसिल के चेयरमैन को मिला अधिवक्ता गौरव सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बार कौसिल के चेयरमैन पांचूराम मौर्य ने कहा है कि अधिवक्ताओ की सुरक्षा के लिए एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को सौपा गया है। उन्होने भरोसा जताया है कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही इस एक्ट को संस्तुत कर केन्द्र के लिए भेजवाएगी। वहीं उन्होंने लालगंज तहसील के अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय हेतु विधि से जुडी पुस्तको की भी सौगात दिये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने अधिवक्ताओ को भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारो तथा सुरक्षा को लेकर बार कौसिल पूरी दृढ़ता से नेतृत्व जारी रखेगी। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओ के लिए कल्याणकारी योजनाओ को प्रभावी बनाने के लिए भी बार कौसिल प्रदेश सरकार से लगातार संपर्क बनाए हुए है। उन्होने अधिवक्ताओ से आपसी एकता की मजबूती को सदैव प्राथमिकता देने को लेकर प्रेरित किया। चेयरमैन ने तहसील मे अधिवक्ताओं के ज्ञानार्जन के लिए पचास हजार से अधिक मूल्य की किताबें शीघ्र उपलब्ध कराए जाने का भी भरोसा दिलाया। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने स्थानीय अधिवक्ताओं की ओर से सर्वसम्मत प्रस्ताव के तहत अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पर बार कौसिल से समर्थन मांगा। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू ने चेयरमैन को अधिवक्ता गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी ने किया। उपाध्यक्ष बीके तिवारी ने आभार जताया। कार्यक्रम को पूर्व महामंत्री संदीप सिंह, विपिन शुक्ल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, लाल विनोद प्रताप सिंह, प्रवीण यादव ने भी संबोधित कर अधिवक्ताओं की समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पारसनाथ सरोज, रामलगन यादव, प्रमोद सिंह, कुलदीप तिवारी, मो. असलम, जयकरन सिंह, सीताराम मौर्य, मस्तराम पाल, अम्बुज पाण्डेय, सलमान खान, सुधाकर मिश्र, राजेश पाल, सुमित त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

# पं. कृपाशंकर ओझा के व्यक्तित्व व कृतित्व को किया गया नमन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी चिंतक एवं लोकतंत्र सेनानी तथा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. कृपाशंकर ओझा के निधन पर आयोजित स्मृति दिवस मे प्रबुद्ध वर्ग के साथ सियासी दलों के दिग्गजो ने पुष्पांजलि अर्पित की। नगर के स्टेशन रोड स्थित आशीर्वाद सभागार मे पं. कृपाशंकर ओझा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओ ने प्रकाश डालते हुए जिले के अनेक संघर्षो तथा लोकतांत्रिक मूल्यो की सुरक्षा मे उनके अहम योगदान पर प्रकाश डाला। अधिवक्ताओ ने भी वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष रहे पं. कृपाशंकर ओझा को प्रतापगढ़ के वकालत मिशन का आधार स्तम्भ ठहराते हुए उनके व्यक्तित्व को प्रेरणास्पद कहा। कार्यक्रम का संयोजन उनके पुत्र तथा रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने किया।

पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, ग्रामीण इण्टर कालेजेज के अध्यक्ष पं. श्यामकिशोर शुक्ल, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के प्रतिनिधि लाल अनिल सिंह, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, जूनियर बार के अध्यक्ष इन्दुभाल मिश्र व महामंत्री संतोष नारायण मिश्र, पूर्व अध्यक्ष रोहित शुक्ल, पूर्व सभासद संतोष द्विवेदी, समाजसेवी विजय सिंह, रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष राधेकृष्ण त्रिपाठी, विकास मिश्र, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, अवधेश ओझा, संतोष तिवारी निशुल्क, वरिष्ठ पत्रकार गिरिजेश त्रिपाठी, डीपी इंसान, आनन्द प्रचण्ड, अश्विनी सिंह, दिनेश सिंह आदि रहे। गिरीशचंद्र ओझा ने आभार प्रदर्शन किया। जगदीशचंद्र ओझा, दीपक ओझा, कंचन ओझा आदि ने कार्यक्रम का सह संयोजन किया।

# युवाओं को स्वतः रोजगार से जोड़ने हेतु कैरियर मेले का हुआ आयोजन

## नेहरु युवा केन्द्र द्वारा किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ के परिसर में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कैरियर काउंसलिंग कैरियर परामर्श से संबंधित कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य बीबी सिंह ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं



कैरियल मेले में मौजूद नेहरु युवा केन्द्र के पदाधिकारी।

संचालित की जा रही हैं जिससे युवा स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं उन्होंने युवाओं का आवाहन किया कि वह अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा संचालित स्वतः रोजगार से संबंधित योजनाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का व्यवसाय चयन करें उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा उन्हें वित्तीय सुविधाएं मुहैया कराने हेतु पूरा प्रयास किया जाएगा उन्होंने कैरियर मेले के संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डाला तथा युवाओं का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आईटीआई बीबी सिंह ने कहा कि आईटीआई द्वारा युवाओं को विभिन्न ट्रेडो में व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग के राघवेन्द्र कुमार शुक्ला ने खादी ग्रामों उद्योग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर आईटीआई के अनुदेशक राहुल त्रिपाठी, विनोद प्रजापति, राजेश सिंह, अशोक कुमार शुक्ला विषय विशेषज्ञ एवं नेहरू युवा केंद्र के संदर्भ रिसोर्स पर्सन आदि ने युवाओं को स्वतः रोजगार से संबंधित जानकारी दी। अंत में उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू नव वर्ष पर गुड मार्निंग क्लब ने निकाली प्रभात फेरी, पदाधिकारियों को नव वर्ष की दी गई बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चैत नवरात्र के प्रथम दिवस पर तथा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 पर एक प्रभात फेरी निकाली गई जिसमे गुड मॉर्निंग योग क्लब के सभी पदाधिकारियों व उनके परिवार और मित्रों द्वारा इसका संचालन किया गया जिसमे सभी शामिल हुए और सभी जन मानस को हिंदू नववर्ष की बधाई दी।

यह प्रभात फेरी गुड मॉर्निंग योग क्लब ने अटल वाटिका बाबागंज पार्क से बाबागंज चैक घंटाघर होते हुए जेल रोड से जीजीआईसी के पीछे से होते हुए अटल वाटिका बाबागंज पार्क में समाप्त की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आमंत्रित पतंजलि योग पीठ प्रतापगढ से गोबिंद



गुड मार्निंग क्लब द्वारा शहर में निकाली गई प्रभात फेरी।

खंडेलवाल तथा गुड मॉर्निंग योग क्लब के संरक्षक राम नेवाज पाल, सरदार यशपाल सिंह, ओम प्रकाश केसरवानी और गुड मॉर्निंग योग क्लब के पदाधिकारी क्रमश रतन खण्डेलवाल, जय प्रकाश खंडेलवाल, प्रमोद केसरवानी, राजू केसरवानी, प्रदीप खण्डेलवाल, कैलाश श्रीवास्तव, मनीष चैरसिया, संदीप रावत, राजेश तिवारी, सुनील केसरवानी, मनोज केसरवानी, अशोक केसरवानी, अरुण खंडेलवाल, आलोक शुक्ला और मातृशक्ति के रूप में प्रेमलता खंडेलवाल, सुमन खंडेलवाल, किरण केसरवानी, सुषमा केसरवानी, प्रीति केसरवानी, अंजनी केसरवानी, स्वेता चैरसिया, संतोष खंडेलवाल तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तरफ से नगर प्रचारक देवव्रत अपने सहयोगियों के साथ उपस्थिति प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव 24 से

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (इण्टरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स-आईवाईओएम) के मनाये जाने के सम्बन्ध में जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक के अन्तर्गत 24 मार्च एवं 25 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ (जी0आई0सी0) के परिसर में दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का आयोजन किया जायेगा।

## हनुमान मंदिर चिलबिला में सूर्य को अर्घ्य देकर किया गया नववर्ष का स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2080 एवं नवरात्रि के शुभ आरंभ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह मंदिर में भक्तों व महिला मंडल द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर नव वर्ष का स्वागत किया गया और मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही भक्तों दर्शन पूजन शुरू हो गया था मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर हनुमान जी महाराज और मां दुर्गा जी का विधिवत पूजन अर्चन कर हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ करते हुए भगवान सूर्य, हनुमान जी महाराज, माता रानी से अपने सभी भक्तों के कल्याण की कामना की। हनुमान महाराज से प्रार्थना है सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और विश्व का कल्याण करते रहे यही प्रार्थना है। सभी भक्तों को प्रसाद की भी व्यवस्था समिति ने की थी। भक्तों में मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल, संतोष कुमार, राजू कुमार, सनी, सूरज, आशीष कुमार, सोनू, सुरेश, छेदीलाल, देवानंद, विवेक कुमार, त्रिभुवन लाल, आदर्श कुमार, आशीष लाइट एवं महिला सत्संग मंडल की मातृ शक्तियों ने सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर नववर्ष का शुभारंभ किया।

## आरोपी के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में ई रिक्शा चालक के घायल होने पर आरोपी पर पुलिस ने मंगलवार की रात लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है। पडोसी रायबरेली के सलोन थाना के गोपालपुर की गुडडी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार मार्च को शाम उसका पति राजेन्द्र सरोज ई रिक्शा लेकर घर जा रहा था। नेशनल हाइवे पर बोधी सिंह का पुरवा के पास अगई निवासी गौरव सिंह ने तेज गति से बाइक चलाते हुए ई रिक्शा मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे राजेन्द्र को गंभीर चोटें आ गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ लापरवाही समेत कई धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### निजी हास्पिटल, नर्सिंग होम, पॉली क्लीनिक, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेन्टर्स का कराए नवीनीकरण

**कौशाम्बी।** सीएमओ ने कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, कौशाम्बी में पंजीकृत निजी हास्पिटल, नर्सिंग होम, पॉलीक्लीनिक, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेन्टर्स, डेन्टल क्लीनिक, पैथोलॉजी आदि को सूचित किया है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों का नवीनीकरण आवेदन वांछित अभिलेखों के साथ विभागीय पोर्टल पर दिनांक 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से कराते हुए एक प्रति कार्यालय में जमा करायें। उन्हांने डायगनोस्टिक सेन्टरों को भी सूचित किया है कि वे विभागीय पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जिन प्रतिष्ठानों द्वारा बिना पंजीकरण/नवीनीकरण के चिकित्सा कार्य में संलिप्त पाये जायेंगे, उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ विधिक कार्यवाही की जायेंगी।

### कार्यालयाध्यक्ष फीड कार्मिकों के डेटा को करायें अपडेट

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जयचन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए फीड कार्मिकों के डेटा में किसी भी प्रकार के संधोधन के लिए सभी कार्यालय डेटा को अनफ्रीज कर दिया गया है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रभारियों से फीड कार्मिकों के डेटा को अपडेट कराते हुए फ्रीज कराने का आग्रह किया है।

# नहाते समय तालाब में डूब कर दो बच्चों की हुई मौत

**दो बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही दोनों परिवार के परिजनो में मचा कोहराम**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई,तालाब में नहाने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया,दोनों को डूबता देख बाहर खड़े एक बच्चे ने शोर मचाकर लोगो को जानकारी दी,तो ग्रामीणों ने बच्चों को तालाब से निकाला और अस्पताल ले गए जहा चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो बच्चो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटना क्रम के मुताबिक मंझनपुर थाना क्षेत्र के भक्तन का पूरा गांव में कई बच्चे तालाब में नहा रहे थे,तभी अचानक रमाकांत (10) और जगदीश (14) नाम के दो बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए,दो बच्चो को डूबता देख एक बच्चे ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनो को तलाब से खोजकर बाहर निकाला और अस्पताल ले गए जहा डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो बच्चो के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।



दोनों बच्चों की मौत की जानकारी के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

### संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए भूसा हरा चारा दान करने की डीएम ने की अपील

**कौशाम्बी।** समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष नगर पालिका/ नगर पंचायत, समस्त ग्राम प्रधान, समस्त कृषक एवं पशुपालक, भूसा क्रेता व विक्रेता, समाज सेवी संस्थायें, कोटेदार, गौ प्रेमी एवं अन्य समस्त जनपदवासियों जैसा कि आपको विदित हैं कि जनपद में संचालित 82 स्थाई/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर आपके सहयोग से 13798 गोवंश संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। विगत वर्षों में आपके द्वारा भूसा महादान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में भूसा/हरा चारा एवं अन्य सामाग्री का दान किया गया है, जो कि निराश्रित बेसहारा गोवंश के भरण पोषण कार्य में लाभकारी सिद्ध हुआ। डीएम ने सभी से विनम्र अपील किया है कि इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा/ हरा चारा राशन अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई/ अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल/ गौशालाओं पर दान करें, जिससे गोवंश संरक्षण में पूर्व की भांति आपकी सहभागिता एवं सहयोग बनी रहें।

## न्यूज झरोखा

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों की कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारम्भ



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आई0टी0आई0, टेंवा में आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों की 06 दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण की योजनायें संचालित की जा रही हैं तथा सरकार की मंशा है कि युवाओं/युवतियों को कौशल वृद्धि से सम्बन्धित विभिन्न प्रशिक्षण दिलवाकर, उन्हें अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए सक्षम बनाना है। इसके साथ ही सरकार द्वारा आवश्यक उपकरण भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रशिक्षण लिया जा रहा है तथा महिलायें अपना स्वयं का रोजगार भी शुरू कर रहीं हैं। उन्हांने कहा कि प्रायः यह देखने मे आया है कि जिन योजनाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी होती है, वे योजनायें अधिक सफल होती है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत कुल 475 प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है, जिसमें बढ़ई ट्रेड में 75, नाई ट्रेड में 25, दर्जी ट्रेड में 300, लोहार ट्रेड में 25 एवं हलवाई ट्रेड में 50 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है।

### बुद्ध तपोस्थली बुद्ध विहार का समारोह पूर्वक हुआ शिलान्यास



**कौशाम्बी।** बुद्ध विहार तपोस्थली बुद्ध विहार कौशाम्बी के निर्माण का शिलान्यास रविवार को पूज्य भिक्षु संघ के सानिध्य में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। धम्मा लर्निंग सेंटर सारनाथ के मुखिया व अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष भंते चंदिमा थेरो की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन बौद्ध भिक्षु मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पारम्परिक बौद्ध रीति बुद्ध नमन तिसरण पंचशील ग्रहण बुद्ध पूजा वंदना के साथ हुई। समारोह का संचालन रायबरेली के बौद्ध भिक्षु भंते कमल शील ने किया। समारोह में मौजूद रहे कुछ प्रमुख लोगों बौद्ध उपासकों उपासिकाओं में महाबोधि धम्म चेतना समिति के रामप्रकाश बौद्ध चंद्र प्रकाश बौद्ध प्रधान भिक्षुणी पूर्णिमा भंते करुणा रक्षित करुणा शील करुणा रक्खित गुरुचरण बौद्ध रोशन लाल बौद्ध अमित बौद्ध रामलोचन सेन बौद्ध शास्त्री चंद्र कांती सेन बौद्ध सत्य प्रकाश भास्कर प्रतापगढ़ के पी सविता बौद्ध गौरीगंज अमेठी निर्मला बौद्ध ज्ञानपती डॉ राजकुमार चौधरी कल्पना बौद्ध महेन्द्र सुशील कुमार रामराज आदि लोग मौजूद रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्रि पर्व में लगायी गंगा में डुबकी

**गंगा घाट में गन्दगी का लगा रहा अम्बार सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी लेने वालों की रही मौज अधिकारियों ने नही लिया संज्ञान, श्रद्धालुओं की सन्दीपन घाट गंगा तट पर पल पल की जानकारी लेती रही पुलिस**

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज क्षेत्र के सन्दीपन घाट में चैत्र नवरात्र के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओ की गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी जिससे चाकवन चौराहे पर गंगा नहाने वालों की भीड़ से जाम लग गया था जिसकी सूचना एसओ कोखराज को मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच कर भीड़ को आने जाने का रास्ता खाली कराया गया वही सन्दीपन घाट पर पुलिस व्यवस्था के साथ साथ महिला कांस्टेबल की भी ब्यवस्था होने से गंगा में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं उठानी पड़ी इस तरह की पुलिस की निगरानी से कोई अप्रिय घटना नही घटी लेकिन गंगा नदी में डुबकी लगाने वाले लोगों में गंगा तट पर गन्दगी की चर्चा जोरों पर रही क्या यह गन्दगी जिम्मेदार लोगों को नही दिखाई दिया। इसी तरह जिले के अन्य गंगा घाटों में भी गंगा स्नान करने वाले भक्तों की सुबह से भीड़ लग गई थी कड़ा पल्हाना फतेहपुर उमरछा कांकरा बाद सहित विभिन्न गंगा घाटों में पूरे दिन गंगा स्नान करने वाले भक्तों की नदी किनारे भीड़ लगी रही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने खासा इंतजाम किया था गंगा स्नान के बाद भक्तों ने मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचकर उनकी पूजा-अर्चना की और देश के कल्याण की कामना की कड़ा धाम के सिद्ध पीठ शीतला माता के मंदिर में मां के दर्शन पाने को भक्तों की अपार भीड़ रही वही मंझनपुर मुख्यालय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भी सुबह से ही माँ के दर्शन करने वाले महिला पुरूष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही इसके अलावा भी जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चन करने वाले महिला पुरुष भक्तों की भीड़ लगी रही।



### खबर का असर : जागा नगर प्रसाशन 14 लाख सीमेंटेड नाला की हुई खुदाई

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 12 नयानगर में 21 माह पहले सीमेंटेड नाला 14 लाख रुपये धन से निर्माण का टेंडर हुआ था लेकिन सम्बंधित ठेकेदार नाला निर्माण नही करवा रहा था जबकि उस कार्य का 50 फीसदी रकम नगर पंचायत प्रशासन डंप किये है आपके सम्मानित दैनिक अखबार अखंड भारत संदेश ने इसकी खबर 28 फरवरी के अंक में प्रमुखता से 14 लाख का सीमेंटेड नाला,21माह पहले टेंडर, क्या अभिलेखों में ही बन गया में प्रकाशित कर ट्विटर के माध्यम से उच्च अधिकारियों और सरकार के नुमाइंदों तक पहुंचाई। अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि होली के बाद नाला निर्माण शुरू कराया जाएगा पिछले 3 दिनों से नाला निर्माण में ठेकेदार और उसके शागिर्द जोर शोर से जुट गए हैं । बता दे कि इस नाले का निर्माण टेण्डरी तिराहे से शायरी माता तिराहे तक होना है इस नाले के निर्माण से वार्ड नंबर 12 नया नगर में हो रहा है जलजमाव से छुटकारा मिलेगा लोगों ने नगर प्रशासक एवं नगर पंचायत प्रशासन को धन्यवाद दिया है।



नाला निर्माण

### मोटरसाइकिल चोरों के आतंक से परेशान मनौरी वासी



**मनौरी कौशाम्बी।** जनपद कौशांबी के पिपरी थानांतर्गत महमूदपुर मनौरी में इस समय मोटर सायकिल और मोबाइल चोरों ने आतंक मचा रखा है चार दिन पहले मनौरी निवासी संदीप केशरवानी की घर के पास मोटरसाइकिल वढ-73ह/8813 खड़ी थी रात में किसी चोर ने हाथ साफ कर दिया, संदीप ने इसकी तहरीर पिपरी थाने दे दी ! आज तो चोरो ने हद ही पार कर दी तीन बजे दिन में मनौरी व्यापार मण्डल के महामंत्री उमेश कुमार उर्फ दीपू केसरवानी की स्पेंडर मोटरसाइकिल वढ 73 / 6577 घर के पास से गायब हो गई ,जिसकी सूचना चायल पुलिस चौकी दे दी गई और तो और मनौरी में बुधवार और रविवार को बाजार लगती है जिसमे हर बाजार को लोगो का मोबाइल चोरी होना आम बात हो गई !चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इसका खुलासा करेंगे।

## खुले में शौच करने को मजबूर नगर पंचायत चायल के निवासी!

**कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया सार्वजनिक शौचालय**

**कौशाम्बी।** केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर उतरने से पहले ही कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाती है। केंद्र और प्रदेश की सरकार खुले में शौच मुक्त भारत का सपना देखा है जिसे साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर शौचालय व टाउन एरिया में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराए जाने का आदेश अधिनस्थ अधिकारियों को दिया है लेकिन अधिनस्थ अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं और केंद्र व प्रदेश सरकार को बदनाम करने के लिए उनकी मंशा के विपरीत कार्य कर रहे हैं। लोगों की माने तो नगर पंचायत चायल के जिम्मेदारों ने आधा अधूरा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराकर रकम निकाल लिया और बीच अधर में निर्माण कार्य छोड़ दिया जिसके कारण नगर पंचायत चायल के निवासी खुले में शौच करने को मजबूर हैं। खुले में शौच करने से नगर पंचायत चायल क्षेत्र में महामारी एवं भिन्न - भिन्न प्रकार की कई गंभीर बीमारियां फैलने की प्रबल आशंका जताई जा रही है। चायल सीएचसी की तरफ जाने वाले मार्ग के बाईं ओर तालाब के पास एक वर्ष पूर्व सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य शुरू हुआ लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी शौचालय पूर्णरूप से तैयार नहीं हो सका आखिर क्यों इस सवाल का जवाब नगर पंचायत की जनता जिलाधिकारी से चाहती है। अधिकारियों के समक्ष ऐसी कौन सी मजबूरी आकर खड़ी हो गई जिसके कारण शौचालय पूरी तरह से बनकर तैयार नहीं हुआ और तो और उक्त शौचालय में ना पानी टंकी की व्यवस्था है और ना ही पानी की व्यवस्था की गई है इसलिए लोग खुले में मल - मूत्र त्याग कर चले जाते हैं। नगर पंचायत चायल के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराकर शौचालय निर्माण में अनियमितता बरतने वाले लोगों की जांच कराकर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

**उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड में लगातार 48 वर्षों से अध्यक्ष चुने जाने पर**

# डिप्टी सीएम ने किया नर नारायण मिश्रा को सम्मानित

**पूरे उत्तर प्रदेश में कौशाम्बी जिले का झंडा फहरा कर शील्ड लेकर आने वाले नर नारायण मिश्रा एडवोकेट के इस सफलता ने एक बार फिर कौशांबी वासियों को गौरवान्वित किया**

अखंड भारत संदेश




नर नारायण मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते डिप्टी सीएम




नर नारायण मिश्रा को शील्ड देते डिप्टी सीएम

**कौशाम्बी।** लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक की मुख्य शाखा में तिरालिसवीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में पूरे उत्तर प्रदेश के उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और राज्य सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बैंक के प्रदेश अध्यक्ष संतराज यादव प्रमुख सचिव सहकारिता सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक मंझनपुर शाखा में 48 वर्षों से लगातार अध्यक्ष चुने जाने पर एडवोकेट नर नारायण मिश्रा को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है लगातार 48 वर्षों से मंझनपुर बैंक शाखा का प्रतिनिधित्व करने हेतु डिप्टी सीएम और सहकारिता मंत्री ने नर नारायण मिश्रा को शील्ड देकर उनका सम्मान करते हुए हौसला बढ़ाया है लगातार 48 वर्षों से प्रतिनिधित्व करने के मामले में उन्होंने एक रिकॉर्ड कायम किया है पूरे उत्तर प्रदेश में नर नारायण मिश्रा एडवोकेट अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो लगातार 48 वर्षों से उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक मंझनपुर शाखा के अध्यक्ष निर्वाचित होते रहे हैं। लखनऊ में आयोजित तिरालिसवी वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में पूरे उत्तर प्रदेश के उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में शामिल हुए तमाम अधिकारी कर्मचारी और तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा नर नारायण मिश्रा एडवोकेट को शील्ड देकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए जाने की जानकारी जैसे ही जिले के लोगों को मिली है नर नारायण मिश्रा एडवोकेट को बधाई देने वाले लोगों का उनके आवास पर ताता लगा हुआ है पूरे उत्तर प्रदेश में कौशाम्बी जिले का झंडा फहरा कर शील्ड लेकर आने वाले नर नारायण मिश्रा के इस सफलता ने एक बार फिर कौशांबी वासियों को गौरवान्वित किया है।

### देवी मन्दिरों शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं देवी गायन कार्यक्रम का आयोजन



**कौशाम्बी।** शासन के निदेर्शानुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज जनपद के चयनित सभी देवी मन्दिरों/शक्तिपीठों यथा-मां शीतला देवी कड़ाधाम, श्री दुर्गा देवी मंदिर मंझनपुर, मसुरिया देवी मंदिर, आनंदेश्वरी माता मन्दिर तथा काली माता मन्दिर करारी आदि में दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं देवी गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं की भी सहभागिता रहीं बता दें कि दिनांक 29 से 30 मार्च अष्टमी एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यां के व्यापाक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेंगा।

**नवरात्रि के प्रथम दिन भरवारी में भक्तो का लगा मेला, खरीददारी में जुटे लोग**

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा के लिए भक्त सुबह से ही गंगा स्नान के लिए निकले और गंगा स्नान कर वापस लौटे तो पूजन सामग्री की खरीददारी करने लगे।जिसके चलते भरवारी कस्बे में हम की स्थिति बनी रही। नवरात्रि बुधवार से प्रारंभ हो गई है,बुधवार की सुबह भोर से ही दूर दूर से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए संदीपन घाट के लिए निकले और गंगा स्नान और दान कर पुण्य प्राप्त किया।श्रद्धालु गंगा स्नान कर वापस घर लौटते समय भरावरी कस्बे में माता रानी की पूजा के लिए सामग्री की खरीददारी कर रहे है। खरीददारी के दौरान लोगो की भरी भीड़ दुकानों पर देखने को मिली।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन के तहत आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने हेतु आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में अमृत काल के युग में भारत 2047 की एक दृष्टि, पर पंच प्रण के मंत्र की घोषणा की थी । इस संदर्भ में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र कौशांबी द्वारा महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा मंझनपुर में युवा उत्सव (युवा शक्ति से जनभागीदारी 2047) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा उत्सव में पत्र सूचना विभाग, प्रयागराज, सूचना कार्यलय, कृषि विभाग, हस्त शिल्प, कौशल से संबंधित प्रदर्शनी विभिन्न विभागों द्वारा लगाकर युवाओं को भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का समापन व पुरस्कार वितरण भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में कृतिका पाण्डेय प्रथम, शनि कुमार द्वितीय,शिवनंदा देवी तृतीय,भाषण प्रतियोगिता में कविता पाल प्रथम, अमन गुप्ता द्वितीय, गौरव मिश्रा तृतीय, फोटोग्राफी में मोहम्मद अशरफ प्रथम, आयुष वर्मा द्वितीय, अखिलेश कुमार तृतीय, काव्य लेखन में शोभा पाल प्रथम, गिरिवंत द्वितीय, नैंसी यादव तृतीय, सांस्कृतिक महोत्सव में माही गुप्ता एवं साथियों को प्रथम, अश्वनी यादव एवं साथियों को द्वितीय, अभिषेक एवं साथियों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डीडी केंद्रीय संचार ब्यूरो आशिफ रिजवी, डाक्टर अरविंद कुमार, डाक्टर पवन कुमार यादव, सत्यम केसरवानी, धनंजय यादव, ओम शंकर साहू, दीपेंद्र अग्रहरि, रोमा पाण्डेय, सभ्या जैसवाल, नीलू यादव, विनीता, आदि की उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लग गया। जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय ने युवाओं का आवाहन किया की वो केन्द्र की गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें और समाज में नाम रोशन करें। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र तथा शील्ड वितरित करते हुऐ भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने केन्द्र के कार्यक्रमों की सराहना करते हुऐ कहा कि युवा ही भावी भारत के कर्णधार है, उन्ही के ऊपर देश और समाज का भविष्य निर्भर करता है, यैसे में उन्हें पूरे मनोयोग से देश की एकता बंधुत्व और भाईचारे को बढ़ाने हेतु आगे आना होगा, प्रधानमंत्री के पंच प्रण का उल्लेख करते हुए उन्होंने देश को जोड़ने का आवाहन किया कार्यकम में युवा मोर्चा अध्यक्ष रिंकू मौर्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक संजय गुप्ता

# एनडी जूनियर हाई स्कूल में हुआ भव्य वार्षिकोत्सव...

अखंड भारत संदेश

**संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि संस्थान में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के अंदर अनेकों तरह की प्रतिभाएं देखने को मिलती है**

**कौशाम्बी।** पुरानी भरवारी स्थित एन डी जूनियर हाई स्कूल में 2023 का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ शुरू की बहुत ही मनोहर दृश्य इस कार्यक्रम में देखने को मिला हर तरफ उत्साह उमंग देखने को इस कार्यक्रम में मिल रहा था एक तरफ जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साह के साथ हनुमान चालीसा व देश भक्ति पर अद्भुत कार्यक्रम की प्रस्तुति की वहीं उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने अभिभाषण में कहा कि इस संस्थान में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के अंदर अनेकों तरह की प्रतिभाएं देखने को मिलती है शिक्षा सदन एक सेतु का कार्य करती है जो समाज में हर वर्ग को जोड़ने का कार्य करती है समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना हो जाए इस पर हमें सार्थक पहल करनी चाहिए इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की संस्थान के चेयरमैन ने भूरी भूरी प्रशंसा किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपकी कड़ी मेहनत बच्चों के भविष्य का निर्माण व सुंदर तरीके से समाज में एक मजबूत स्तंभ बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सपना गुप्ता रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा एनडी जूनियर हाई स्कूल डायरेक्टर श्रीमती तान्या गुप्ता अभिषेक गुप्ता रामसुख निर्मल चंद पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी सुभाष गुप्ता शंकर लाल केशरवानी सहित तमाम वरिष्ठ अतिथि गण मौजूद रहे।

संपादकीय

# पंजाब में स्थिति संभाले सरकार

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने हाल ही में एक बयान दिया कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है। श्री जयशंकर चीन के संदर्भ में इस बात को कह रहे थे। हालांकि गलवान प्रकरण के बाद से अब तक प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लेकर स्पष्ट तौर पर किसी खतरे का इशारा नहीं किया है। लेकिन उनके मंत्री अब कर रहे हैं, तो यही गनीमत है, क्योंकि खतरे को देखना और समझना, रेत में सिर गड़ाकर नजरअंदाज करने से कहीं बेहतर है। भारत को पड़ोसी देशों से ही खतरा हो, ये स्थिति किसी तौर पर आदर्श नहीं कही जा सकती। हम मजबूती का गान करते रह जाएं और हमारे अगल-बगल दुश्मन रणनीति बनाते रहें, उससे कोई फायदा नहीं होना है। चीन के अलावा पाकिस्तान से भी भारत में घुसपैठ का खतरा हमेशा ही बना रहता है। इस वक्त पंजाब में आर्थिक, राजनैतिक हालात काफी खराब चल रहे हैं। लेकिन इस बीच पंजाब के आईजी सुकचैन सिंह गिल ने अमृतपाल सिंह को पाकिस्तान की आईएसआई से मदद मिलने का अंदेशा जतलाया है। गौरतलब है कि वारिस पंजाब दे संगठन का मुखिया, खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके कुछ साथियों पर पिछले महीने अपने एक साथी को छुड़ाने के लिए अजनाला पुलिस थाने पर हमले का आरोप है। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह पर छह एफआईआर दर्ज की है और पिछले चार दिनों से गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश की जा रही है। अमृतपाल सिंह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक फरार ही है, जबकि उसके कुछ करीबियों को पुलिस ने पकड़ा है। पांच लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। कुछ लोगों को असम के डिब्रूगढ़ भी ले जाया गया है। इस बीच पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार की खिंचाई करते हुए सवाल किया कि आपके पास 80,000 पुलिसकर्मी हैं, फिर उसे कैसे गिरफ्तार नहीं किया गया। जब सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि अमृतपाल को छोड़कर बा$की सभी को पकड़ लिया गया है तो, कोर्ट ने पूछा कि अमृतपाल सिंह को छोड़कर सभी को कैसे गिरफ्तार किया गया। सरकार की ओर से इसका क्या जवाब दिया जाएगा, ये तो बाद में पता चलेगा। फिलहाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य की शांति और सद्भाव को भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कई लोगों के फोन आए जो उनकी सरकार की तारीफ कर रहे थे। पंजाब सरकार के मुखिया आत्ममुग्धता के लिए बाद में भी वक्त निकाल सकते हैं। उनकी प्राथमिकता पहले इस सीमांत और संवेदनशील राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखना होना चाहिए। यह क्या महज संयोग ही है कि पंजाब में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, अलगाववादी ताकतें सिर उठाने लगी हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को प्रयोग न करने की सलाह दी थी। लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान के कारण पार्टी का जनाधार कमजोर हो गया और पंजाब की सत्ता कांग्रेस के हाथ से निकल गई। आप यहां पहले से अपनी ताकत बढ़ाने में लगी थी और इस बार उसे कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर सरकार बनाने का मौका मिल गया। आप ने नौकरी, शिक्षा, ईमानदार प्रशासनिक व्यवस्था जैसे वादे किए थे, लेकिन फिलहाल पंजाब की जनता को इंटरनेट बंद की सौगात मिली है। अमृतपाल सिंह की फरारी के बाद पंजाब में सुरक्षा कारणों से 3 दिन इंटरनेट बंद रहा। मंगलवार को कुछ इलाकों में इसे फिर से शुरू किया गया, लेकिन स्थिति पूरी तरह से सामान्य नहीं है। अमृतपाल सिंह कब तक पकड़ में आएगा, या अगर उसे वाकई पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से सहायता मिल रही है, विदेशी फंडिंग मिल रही है, तो क्या वह देश के बाहर जा चुका है। उसके मंसूबे क्या है। जिस तरह अपने बयानों में उसने पहले हिंदू राष्ट्र की मांग की तरह खालिस्तान की मांग को जायज बतलाया है, क्या वह देश के लिए बड़ा खतरा नहीं बन चुका है। और जब यह बयान उसने दिया था, तभी उस पर कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अमृतपाल सिंह के कुछ साथियों को पंजाब से दूर असम ले जाने का कारण क्या हो सकता है। क्या उसके फरार होने के बाद उसके संगठन से जुड़े बाकी लोग शांत बैठ जाएंगे या फिर पंजाब को फिर अस्थिर करने की कोशिशें शुरू होंगी। ये कुछ गंभीर सवाल हैं, जिस पर पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमृतपाल सिंह के करीबियों के पास से भारी संख्या में हथियार कहां से आए। पंजाब जैसे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था क्या लचर हो चुकी है कि किसी संगठन के लोग हथियार जमा कर लें और पुलिस को इसकी खबर बाद में लगे। पंजाब में अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी की कोशिशों के साथ ही ब्रिटेन और अमेरिका में खालिस्तान समर्थक हरकतें देखी गईं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी समर्थकों ने भारत के तिरंगे को उतारे जाने की कोशिश की, हालांकि, समय पर अधिकारियों ने पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज को बचा लिया, और खालिस्तानी झंडे को वहां से फेंक दिया। इसके बाद अमेरिका रे सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर लगे खालिस्तान के समर्थकों ने बैरिकेड्स, दरवाजे और खिड़कियां तोड़े, उन लोगों के हाथों में खालिस्तान का झंडा था। इस घटना का भी वीडियो वायरल हुआ है। भारत से बाहर चल रहा ये घटनाक्रम बता रहा है कि देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिशें नए सिरे से शुरू हो चुकी हैं। इस बार अमृतपाल सिंह का चेहरा सामने है। पंजाब ने हिंसा और आतंकवाद का एक लंबा दौर देखा है, इतिहास के उन जख्मों को फिर से कोई कुरेदे, उससे पहले केंद्र और राज्य सरकार को ऐसी किसी भी कोशिश पर सख्ती से काबू पा लेना होगा। राजनैतिक हिसाब-किताब बाद में निपटाया जा सकता है, लेकिन देश को जोड़े रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

# विपक्षी एकता की राह में हैं कई 'अगर-मगर'

**डॉ. दीपक पाचपोर**



**राहुल** द्वारा निकाली गयी 'भारत जोड़ो यात्रा' की कामयाबी ने कांग्रेस को अपने पैरों पर न सिर्फ खड़ा कर दिया है वरन दौड़ा भी दिया है। राहुल ने यात्रा के दौरान भाजपा को बेनकाब किया। उसकी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर लगातार हमले किये। उन्होंने पूंजी के कुछ हाथों में संचयन और मोदी द्वारा अपने मित्रों- पर देश की पूंजी लुटाये जाने को लेकर बखिया उधेड़ी। देश जैसे-जैसे 2024 के बेहद अहम लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है और जैसा राजनैतिक घटनाक्रम जारी है, विपक्षी एकता की जरूरत पहले के मुकाबले हर रोज अधिक महसूस हो रही है। उसके प्रयास बढ़ भी रहे हैं। इस दिशा में अनेक सकारात्मक पहल भारतीय जनता पार्टी विरोधी सियासी दलों की ओर से हो रही हैं और यह माना जा रहा है कि 2019 के मुकाबले अगले साल का आम चुनाव बहुत कठिन रहेगा- केन्द्र के सत्ताधारी दल भाजपा ही नहीं, वरन उसकी विरोधी पार्टियों के लिये भी। भाजपा को प्रमुख रूप से चुनौती दे रही कांग्रेस के लिये भी भाजपा से मुकाबला करने के साथ उन दलों से भी पार पाना होगा जो अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा के साथ हैं या फिर वे पार्टियां जो गठबन्धन से विलग होकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। जनता यह सब देख भी रही है और वह विपक्षी एकता चाहती भी है। इसके बावजूद यह इतना भी आसान नहीं है। संगठित प्रतिपक्ष की रचना के मार्ग में अब भी अनेक अड़चनें हैं। पहले तो यह देखें कि वे कौन से तत्व हैं जो एकता की राह पर विपक्षी दलों को ठेल रहे हैं। कुछ समय पहले तक इस विषय पर बात न करने वाले विपक्षी नेता एवं दल अब इस मार्ग पर या तो अपने आप चल पड़े हैं या फिर घटनाक्रम ऐसी दिशा में चल पड़ा है, जहां उन्हें एका की जरूरत महसूस होने लगी है। पिछले वर्ष के सितम्बर से पहले यह विषय एक तरह से त्याज्य सा था। 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब भाजपा केन्द्र में लौटी, तो विरोधी दलों ने इस विषय पर चर्चा लगभग छोड़ दी थी। बिहार में जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने भाजपा गठबन्धन से अलग होकर तेजस्वी यादव (राष्ट्रीय जनता दल) के साथ हाथ मिलाकर अपनी सरकार को बनाये रखा। दूसरी ओर महाराष्ट्र का उदाहरण है जहां सरकार से हटने के बाद भी महाविकास आघाड़ी के नाम से शिवसेना (उद्धव ठाकरे), कांग्रेस एवं राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का गठबंधन जारी रहा। ये दो राज्य ऐसे हैं जिन्होंने संयुक्त विपक्ष की अवधारणा को जिलाये रखा। एकता के प्रयासों की संभावनाओं को टटोलते हुए विपक्ष का जो प्रमुख लक्ष्य है वह है आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त कराना। बगैर किसी न्यूनतम साझा कार्यक्रम को बनाये या एकता के लिये ठोस संवाद किये। यह विचित्र है पर स्वाभाविक भी है कि विपक्ष तभी सरकार बना पायेगी। इसके लिये जब भी गणना होती है तो यह हिसाब लगाया जाता है कि 2014 के चुनाव में भाजपा को 31 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि शेष गैर भाजपायी दलों को। 2019 में उसे 37 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे क्योंकि वह चुनाव के ऐन पहले हुए पुलवामा कांड को भुना ले गयी थी जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जवान शहीद हुए थे। 2014 के चुनाव में भाजपा चैलेंजर की मुद्रा में थी और 2019 तक सरकार विरोधी वातावरण (एंटी इनकम्बेंसी) वैसा नहीं था जैसा अब है। बेरोजगारी, महंगाई, कोरोना के दौरान कुप्रबंधन, केन्द्रीय योजनाओं की असफलताएं आदि मोदी-भाजपा सरकार के पल्ले आ चुकी है। इसके अलावा अब विपक्षी एकता का हल्का सा इंडेक्स भी बन गया है। आपातकाल उठने के बाद 1977 में हुए आम चुनाव का संदर्भ फिर से उलटा-पलटाकर सामने लाया जा रहा है। यह अलग बात है कि उस वक्त विपक्ष का ध्रुवीकरण कांग्रेस के खिलाफ हुआ था और अबकी सारी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस की छतरी तले एकत्र हो रही हैं या होना चाहती हैं अथवा यूं कहें कि अपेक्षित है- भाजपा के विरूद्ध। अन्य पार्टियों की इस मामले में कांग्रेस पर निर्भरता इतनी अधिक है कि वे उसके द्वारा किसी पहल का इंतजार कर रही हैं। यहां तक कि भाजपा से लड़ने के लिये सारे दलों ने अकेले कांग्रेस को ही मैदान में छोड़ दिया है। वैसे यह अलग बात है और क्षेत्रीय दलों का समीकरण भी कुछ ऐसा है कि कांग्रेस की कमजोरी से ही कई दल उभरे हैं और कइयों को लगता है कि अगर कांग्रेस मजबूत हुई तो वह उन्हीं के वोट बैंक को खा जाएगी। आम आदमी पार्टी हो या समाजवादी पार्टी, या फिर तृणमूल कांग्रेस। इन सभी की यही आशंका उन्हें कांग्रेस के पास जाने नहीं देती। यह भी अनुमान व्यक्त किया जाता है कि 'अगर' कांग्रेस भाजपा को हराने के लायक ताकतवर दिखेगी, तो इन दलों के वोट उसके (कांग्रेस) पक्ष में जा सकते है। इसी आशंका में जीते अनेक क्षेत्रीय दल ऐसा कोई गठबंधन करने से डरते हैं जो कांग्रेस को मजबूती प्रदान करे। कई राज्यों में भाजपा फिलहाल कमजोर है। सरकार समर्थक मीडिया की बात न करें तो यही वास्तविकता है। अडानी मुद्दे को लेकर जिस प्रकार से राहुल गांधी ने भाजपा व मोदी पर जमकर हमला बोला है, उससे वह बचती फिर रही है। इसलिये उसे कभी बीबीसी डाक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाना पड़ रहा है तो कभी राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिये गये भाषण को देश विरोधी या लोकतंत्र विरोधी बतलाकर संसद को ठप किया जा रहा है ताकि वहां अडानी का मुद्दा ही न उठाया जा सके।

> 'मगर' ऐसा नहीं लगता कि वे कांग्रेस का भरोसा जीतने के लिये या भाजपा के साथ लड़ने में उसका साथ देने की हिम्मत जुटा पायेंगे। तृणमूल कांग्रेस की ममता बैनर्जी से समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव की मुलाकात हुई है 'किन्तु' देखना यह है कि क्या वे अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को छोड़ पायेंगे? विपक्षी एकता की राह में कई 'अगर-मगर' और 'किन्तु-परन्तु' हैं

यह अलग बात है कि इसके बाबजूद कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया एवं प्रेस कांफ्रेंसों के जरिये इस बात को जिंदा रखा गया है। उलटे, अब तो कांग्रेस विमर्श गढ़ रही है और मोदी व भाजपा जवाब देते फिर रहे हैं। इधर करीब आधा साल पहले तक जो कांग्रेस कमजोर निरूपित होती थी वह कई कारणों से सतत मजबूत हो रही है। 7 सितम्बर, 2022 को राहुल द्वारा निकाली गयी 'भारत जोड़ो यात्रा' की कामयाबी ने कांग्रेस को अपने पैरों पर न सिर्फ खड़ा कर दिया है वरन दौड़ा भी दिया है। राहुल ने यात्रा के दौरान भाजपा को बेनकाब किया। उसकी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर लगातार हमले किये। उन्होंने पूंजी के कुछ हाथों में संचयन और मोदी द्वारा अपने मित्रों- पर देश की पूंजी लुटाये जाने को लेकर बखिया उधेड़ी। चूंकि मोदी, भाजपा व गुजरात मॉडल को पहली बार झटका मिला है, इसलिये पहली बार भाजपा संसद के बजट सत्र-2 की कार्यवाही को सत्तारुढ़ होकर भी रोक रही है। पहले वह हमेशा विपक्ष पर आरोप लगाती थी कि वह रोकती है कार्यवाही, इस बार वह खुद वही यही काम कर रही है। इसके मूल में है अडानी मुद्दे का खौफ जो राहुल ने पैदा किया है। यह सीधा प्रहार ही तो है भाजपा पर। इस बीच बीबीसी की डाक्यूमेंट्री व हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने एक तरह से राहुल को नयी छवि प्रदान की क्योंकि उनमें वही सब है जो राहुल बोलते आये हैं। बौखलाई भाजपा ने यूके के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में उनके दिये भाषण को भुनाने की कोशिश की जो अब तक जारी है। कुछ महिलाओं के कथित उत्पीड़न वाले यात्रा के दौरान के उनके द्वारा दिये बयान पर राहुल के घर भेजी पुलिस व नोटिस से राहुल और भी मजबूत बनकर उभरे हैं। अब वे न सिर्फ उनकी अपनी पार्टी बल्कि विपक्ष के लिये भी आशा के केन्द्र बन गये हैं। अब सवाल यह है कि क्या बदली हुई राजनैतिक परिस्थितियों का वह फलादेश निकलेगा जिसकी अपेक्षा भाजपा से त्रस्त जनता, प्रतिपक्ष और लोकतंत्र के पक्ष में खड़े लोग कर रहे हैं? यानी क्या 2024 में भाजपा सत्ताच्युत हो सकेगी? सियासी चाल उस ओर बढ़ तो रही है परन्तु अब भी कई तरह के 'अगर-मगर' और 'किन्तु-परन्तु' हैं। असली बात यह है कि विपक्षी एकता का कोई खुला व सामूहिक संवाद शीघ्र प्रारम्भ होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। सारे दल इस साल के बचे विधानसभा (6 या 7 राज्यों के) चुनावों के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। 'अगर' कांग्रेस मजबूत होती है और लोकसभा चुनाव में भाजपा से अच्छी टक्कर लेने की हालत में आती है तो ही कई विपक्षी दल उसके साथ गठबंधन कर चुनाव लड?ा चाहेंगे।

'मगर' ऐसा नहीं लगता कि वे कांग्रेस का भरोसा जीतने के लिये या भाजपा के साथ लड़ने में उसका साथ देने की हिम्मत जुटा पायेंगे। तृणमूल कांग्रेस की ममता बैनर्जी से समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव की मुलाकात हुई है 'किन्तु' देखना यह है कि क्या वे अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को छोड़ पायेंगे? विपक्षी एकता की राह में कई 'अगर-मगर' और 'किन्तु-परन्तु' हैं। देखना यह है कि संयुक्त प्रतिपक्ष इनसे कैसे पार पाता है।

# राज-सत्ता को चुनौती का दुस्साहस

**अरविन्द मोहन**



**आज** निश्चित रूप से पंजाब और खास तौर से सिख समाज पुराने मूड में नहीं है। इसलिए अमृतपाल हों या कोई और उसके लिए कुछ लोगों के मन में हल्की सहानुभूति भर से कोई बड़ा आंदोलन खड़ा करना संभव नहीं होगा। पंजाब और सिखों ने पिछले आंदोलन की बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। यह बात याद रखनी होगी कि यह मामला सिर्फ कानून और व्यवस्था का नहीं है। यह राजनैतिक और सामाजिक है। यह अच्छा लग रहा है कि अगर किसी शख्स या उसके अनुयाईओं ने राज-सत्ता को चुनौती देने का और उससे ऊपर निकालने का प्रयास किया तो पंजाब सरकार ने उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करके उसकी चुनौती को मटियामेट करने की पहल की है और इस काम में उसने राजनैतिक रूप से विरोधी रहे केंद्र सरकार की मदद लेने से गुरेज नहीं किया। इसी बात को दूसरे ढंग से भी कहा जा सकता है कि जब केंद्र ने देखा कि एक राज्य की सरकार से कोई चुनौती नहीं संभल रही है तो उसने सारे राजनैतिक मतभेद दरकिनार करके कार्रवाई की या राज्य सरकार के साथ मिलकर पहल की। अब खालिस्तान की मुहिम को जिंदा करने में लगा अमृतपाल सिंह गिरफ्तार हुआ है या नहीं इसको लेकर दोनों तरह की बातें हैं। उसके समर्थकों के अनुसार उसे गिरफ्तार करके कहीं छुपाया गया है, जबकि सरकारी पक्ष के अनुसार उसके काफी सारे करीबी गिरफ्तार हुए हैं लेकिन वह तंग गलियों का सहारा लेकर भागने में सफल रहा है। साफ लगता है उसके पांव उखड़ गए हैं। उसके सहयोगियों को तो असम के जेलों में भेजा गया है और उसकी भी तलाश जोर-शोर से हो रही है। वह अब शायद ही बच पाए। असम में रखने का मतलब किसी को जेल से छुड़ाने के खतरे को कम करना है। पिछली बार दिन दहाड़े अमृतपाल और उसके सहयोगी अपने गिरफ्तार साथी को पुलिस की पकड़ से छुड़ा ले गए थे। यह घटना बहुत बड़ी थी और पंजाब पुलिस तथा उससे भी बढ़कर आप की सरकार पर कई तरह के आरोप लगे। पुलिस ने तो ग्रंथ साहिब की पालकी की ओट के चलते गोलियां चलाने से परहेज किया लेकिन अतिवादी जमात ने यही माध्यम बनाया। आप पर देश-विदेश के खालिस्तान समर्थक अतिवादी जमातों से संपर्क रखने और चन्दा लेने का आरोप लगता रहा है-पिछले विधान सभा चुनाव में यह आरोप ज्यादा जोर-शोर से लगा और आप को हार का मुंह देखना पड़ा। अमृतपाल सिंह उसके बाद की पैदाइश है लेकिन आज उसके काफी अनुयायी हो गए हैं। असल में पंजाब में खालिस्तान का आंदोलन पिट गया, भिंडरावाले और उनके साथी समाप्त हो गए पर विचारों में इस अतिवादी धारा का अंत नहीं हुआ। बीस साल से जेल में बंद खालिस्तान समर्थकों की रिहाई को लेकर भी अमृतपाल के समर्थक चंडीगढ़ में पुलिस से भीड़ गए थे और 23 फरवरी को तो बड़ा कांड ही हो गया था अब पंजाब से तो सिर्फ गिरफ्तारियों और छापों की खबरें ही आई हैं और पुलिस कार्रवाई के विरोध में किसी बड़े कार्यक्रम की खबर अब तक नहीं है। लेकिन इंग्लैंड, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और कनाडा से ऐसी खबरें आई हैं। कई जगह तो हिंसक प्रदर्शन और लगभग हमले जैसी खबरें आई हैं। कुछ जगहों से आम सिखों द्वारा ऐसी घटनाओं की निंदा करने की रिपोर्ट भी है। इस बीच हमारी खुफिया पुलिस का दावा है कि अमृतपाल के आईएसआई और पाकिस्तान की अन्य एजेंसियों से संपर्क की पक्की सूचना मिल रही है। इस तरह के दावे कई बार हवाई भी होते हैं लेकिन किसान आंदोलन में घुसपैठ करके लाल किले पर हंगामा मचवाने से लेकर 23 फरवरी को अजनाला में थाने पर हमला कर-के अपने साथियों को छुड़वाने की जुर्रत करना कम बड़ा दुस्साहस नहीं है। हमने देखा है कि किस तरह निरंकारी बाबा की हत्या ने एक मामूली बढ़ाई को 'संत' बनवा कर अकाल तख्त का जत्थेदार बना दिया गया था। खुद भिंडरावाले का शिखर तक पहुंचना किसी चमत्कार की तरह ही था। आज निश्चित रूप से पंजाब और खास तौर से सिख समाज पुराने मूड में नहीं है।

इसलिए अमृतपाल हों या कोई और उसके लिए कुछ लोगों के मन में हल्की सहानुभूति भर से कोई बड़ा आंदोलन खड़ा करना संभव नहीं होगा। पंजाब और सिखों ने पिछले आंदोलन की बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। यह बात याद रखनी होगी कि यह मामला सिर्फ कानून और व्यवस्था का नहीं है। यह राजनैतिक और सामाजिक है। और जिस तरह की राजनीति अमृतपाल सिंह कर रहा है वही काफी कुछ दूसरे लोग कर रहे हैं। भिवानी में जब गौरक्षकों ने दो लोगों को कार में जिंदा जला दिया तो मुख्य अभियुक्त को बचाने की 'लड़ाई' खुलेआम सड़क पर लड़ी गई और प्रेस कांफ्रेंस की गई। और अंत में यह हुआ कि मुख्य अभियुक्त का नाम ही केस में नहीं आया। सिख समाज को ग्रंथ साहिब से बेअदबी करने वाले बाबा राम रहीम को मिलने वाले सरकारी भाव से भी शिकायत रही है क्योंकि 2015 से आज तक उनका केस खुला ही नहीं है और हर बड़े मौके पर, खासकर चुनाव के समय, उनको पेरोल मिल जाता है। उन पर हत्या जैसे गंभीर आरोप हैं।

इससे भी ज्यादा साफ शरारत आजकल महाराष्ट्र में दिख रही है महीने भर से सकल हिन्दू समाज के नाम पर सारी हिंदुत्ववादी शक्तियां मिल-जुलकर महाराष्ट्र के सारे शहरों में मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने के लिए क्या कुछ नहीं कर रही हैं और वहां की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इस तरह के मामलों की बहुत लंबी सूची बनाई जा सकती है जिसमें सरकार के कर्ता-धर्ता लोगों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष इशारा हो न हो लेकिन उनकी तरफ से प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होती। वही प्रशासनिक कार्रवाई जिसके न होने पर कोई अमृतपाल सीधे शासन की ताकत को चुनौती देने का दुस्साहस कर बैठता है।

# भाजपा राहुल को बना रही विपक्षी खेमे का हीरो

**सुशील कुट्टी**

**राहुल** गांधी विपक्ष के सबसे प्रमुख नेता तथा प्रधानमंत्री पद का चेहरा बन गये हैं। शहजाद पूनावाला इसे स्वीकार नहीं करेंगे परन्तु 'मोदी-अडानी-हिंडनबर्ग' 2024 के लिए विपक्ष का मुख्य चुनावी मुद्दा बनता जा रहा है। 1989 के लोकसभा चुनावों में, विपक्ष ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ बोफोर्स का हौवा खड़ा किया और चुनाव जीता। अब 35 साल बाद क्या 2024 के चुनावों में वही खेल दोहराया जा सकता है। मोदी सरकार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तब तक संसद में बोलने नहीं देगी, जब तक कि वह सरकारी फरमान नहीं मान लेते। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को तो भूल ही जाइए, उनके पास सरकार के खिलाफ जाने का कोई मौका नहीं है। फिर जहां तक भाजपा के बाकी लोगों की बात है, जिनमें वे भी शामिल हैं जो संसद सदस्य नहीं हैं, उन्होंने तो न केवल मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बनाये रखने की शपथ ली है, बल्कि नोबेल शांति पुरस्कार पर भी उनकी नजर है! लंदन में राहुल गांधी उस योजना को पटरी से उतारने में लगभग सफल हो गये, जब यूनाइटेड किंगडम में उन्होंने व्यापक रूप से प्रचलित उस धारणा को स्वर दिया जिसमें माना जाता है कि भारत में लोकतंत्र कमजोर है। भाजपा के कई 'सूत्रों' के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार को भरोसा दिला दिया है कि राहुल गांधी ने लोकसभा में अपना पक्ष रखने का अधिकार ही खो दिया है, जबकि उनपर एकतरफा आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने लंदन में अपने मन की बात कहकर भारत के प्रति एक पवित्र करार तोड़ा है, जबकि यह लोकतंत्र की असली जननी है। इसके अलावा, भाजपा को पूरा यकीन है कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे . भाजपा ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें 'पहले माफी मांगनी चाहिए' और उसके बाद ही सदन में अपने मन की बात कहें। आप देखिए कि सरकार और भाजपा को किस प्रकार देर से पता चला कि वे स्वयं के जाल में फंस गये हैं। उन्होंने स्वेच्छा से अपने सिर को एक फटी हुई बांस में फंसा लिया है। अगर उन्होंने राहुल को संसद में बोलने नहीं दिया तो वह सही साबित होंगे कि भाजपा के शासन में भारत का संसदीय लोकतंत्र मर चुका है और विपक्ष को संसद में बोलने की अनुमति तक नहीं दी जा रही है।

इससे भी बदतर, अगर माइक और संसदीय मंच, दोनों उसे दे दिये गये, तो यह नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होने वाला है? राहुल क्या कहेंगे, राहुल क्या मांग करेंगे, और मोदी-अडानी और हिंडनबर्ग के इर्द-गिर्द बुने गये कथित रूप से सावधानीपूर्वक कोरियोग्राफ किये गये कवर-अप का क्या परिणाम होगा? क्या होगा अगर असली कहानी, सच्ची कहानी, राहुल के बोलने के साथ ही सुलझने लगे? क्या होगा अगर ...? न जाने और ऐसे कितने सवाल उभर आयेंगे? इसलिए, अपेक्षाओं के अनुरूप, संसद के दोनों सदन हंगामे के साथ खुले और लगातार हंगामे के कारण एक और दिन का स्थगन हुआ। एक दिन पहले जब 'गांधी' अपनी बात बोलने आये तो फिर यही हंगामा दोहराया गया। राहुल गांधी के शब्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय और वैश्विक योजनाओं के लिए घातक साबित हो सकते हैं। राहुल गांधी मोदी के दोस्त नहीं हैं और वह 'मोहब्बत की दुकान' से सीधे संसद नहीं आये हैं। इसके अलावा, विपक्षी दलों ने अडानी-हिंडनबर्ग पर जेपीसी जांच की अपनी मांग पर भी चुप्पी नहीं साधी है, हालांकि आरोप लगाए गए थे कि दोनों सदनों में हंगामे के लिए सदन के अंदर 'ऑडियो' को म्यूट कर दिया गया था। ऐसा लग रहा था कि जिसके हाथ में माइक्रोफोन था, वह भाजपा का प्रशंसक था और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने साबित करना चाहता था। कांग्रेस ने दुनिया को यह बताने के लिए यह ट्वीट किया- 'पीएम मोदी के दोस्त के लिए सदन मूक है।' हंगामे के केंद्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में नजर आये। उसके चेहरेऔर हाव-भाव से ऐसा लग रहा था कि वह अपनी बात बोलने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन उनकी बातों से तो भाजपा के मन की शांति को ही ठेस पहुंचेगी। यह बात और साफ होती जा रही थी कि सदन चलाने का फैसला स्पीकर के हाथ में नहीं है। 'राहुल गांधी जवाब देना चाहते हैं बनाम पहले वह माफी मांगें' का विवाद दोनों सदनों में बना रहेगा।

## क्या हम पुरातन काल में जी रहे हैं?

**संजीव ठाकुर**

अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है' शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है।

## फटाफट खबरें

## निर्धारित समयसीमा के अंदर पूरा कराएं निर्माण कार्य- डीएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**चित्रकूट ब्यूरोः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को देवांगना हवाई पट्टी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हवाई पट्टी में चल रहे निर्माण कार्यों का मुआयना किया तथा निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एप्रोच रोड के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 25 मार्च तक प्रत्येक दशा में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवाकर सड़क मार्ग में आने-जाने के रास्ते का निर्माण कराया जाए। एयरपोर्ट अथॉरिटी व राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि बाउंड्री वाल का कार्य तेजी से कराया जा रहा है तथा इसके साथ ही साथ एप्रोच रोड में भी तेजी से कार्य हो रहा है, जो समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने पुराने एवं नए रनवे तथा दोनों रनवे से जोड़ने के एप्रोच रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने राइट संस्था एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार कार्य को पूर्ण कराएं तथा जो दोनों रनवे को जोड़ने के लिए एप्रोच रोड बनाया जाना है, उस पर भी कार्य शुरू कराया जाए। कहा कि बाउंड्री वाल में जो पेंट कराया जाना है, उसको तत्काल कराएं। रनवे की बीसी को फाइनल किया जाए। एप्रोच रोड की फीलिंग का कार्य तेजी से कराएं, उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि इनके कार्यों की जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ एक कमेटी बनाकर कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह सहित एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## कथा के पहले दिन धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा- रघुबीर मन्दिर में हुआ नवदिवसीय रामकथा आयोजन



**चित्रकूट ब्यूरोः** जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में बुधवार को नवदिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया गया। कथा के पहले दिन श्री रामकथा की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गयी।

अयोध्या हयार्चार्य आश्रम से पधारे कथाव्यास जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा का प्रारम्भ सदगुरु प्रार्थना भवन से प्रारम्भ होकर रघुवीर मन्दिर पर समापन हुआ। यात्रा में मंगल कलश लिए 108 माताएँ, हाथी, घोड़ा, ढोल बैण्ड तथा वेदमंत्रोच्चार करते हुए बटुक आगे चल रहे थे, जिसके पीछे देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे गुरुभाई-बहन एवं सद्‌गुरु परिवार के सदस्य श्री रामचरितमानस की पोथी सिर पर लिए भक्ति भाव से चल रहे थे, इसके बाद दिव्य सुसज्जित रथ में कथाव्यास रामदिनेशाचार्य, नवन्हपारायण कर्ता आचार्य सुरेन्द्र शास्त्री एवं मुम्बई से पधारे आचार्य शौतेश शास्त्री विराजित रहे, रथ के पीछे 51 संस्कृत के विद्यार्थी दिव्यघोष शंखध्वनि करते हुए वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। यह उत्सव रघुबीर मन्दिर में पिछले पाँच दशकों से प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसमें नवदिवसीय मानस पाठ एवं कथा का आयोजन तथा विशाल साधु, अभ्यागत एवं दरिद्रनारायण का समष्टि भंडारा प्रतिदिन आयोजित होता है। ट्रस्ट प्रबन्धन ने सभी नगरवासियों से प्रतिदिन कथा श्रवण करने के लिए पधारने का निवेदन किया है।

## अवध विश्वविद्यालय के किक बॉक्सरों के पंच व किक से बरसे एक गोल्ड, एक सिल्वर व चार ब्रॉन्ज मेडल

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के किक बॉक्सरों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय किक बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय को कुल 6 पदक दिलाया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय किक बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में तातामी प्वाइंट फाइटिंग ओवर 84 किलोग्राम भारवर्ग में सरताज अहमद सिद्दीकी ने विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाया। तातामी किक लाइट ओवर 84 किलोग्राम भारवर्ग में अखिल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वही रिंग स्पोर्ट फुल कॉन्टैक्ट अंडर 57 किलोग्राम भारवर्ग में मंजीत ने ब्रॉन्ज मेडल, रिंग स्पोर्ट फुल कॉन्टैक्ट अंडर 63 किलोग्राम भारवर्ग में राजकुमार राणा ने ब्रॉन्ज मेडल, रिंग स्पोर्ट अंडर 75 किलोग्राम भारवर्ग में सुजीत पांडेय ने ब्रॉन्ज व रिंग स्पोर्ट लो किक अंडर 81 किलोग्राम भारवर्ग में मो. नसीम ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए।

विश्वविद्यालय की ओर से टीम कोच डॉ. अनुराग पांडेय एवं टीम मैनेजर अंकुर सिंह रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सभी पदक विजेता किक बॉक्सरों एवं टीम कोच को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। यह खिलाड़ियों के मेहनत व खेल के प्रति लगन का शुफल परिणाम है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने पदक विजेता खिलाड़ियों व पूरी टीम को बधाई दी ।और कहा कि खिलाड़ियों को और बेहतर खेल सुविधाओं प्रदान की जायेगी। खिलाड़ियों के शानदार खेल प्रदर्शन पर वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. एस. एन. शुक्ला, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वी.पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# खंगार समाज पिछलग्गू बनना छोड़ दे अब हमें अपना अधिकार छीनना है : ओंकार सिंह ठाकुर

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बुधवार को संपन्न हुआ ह्ल अधिवेशन में उरई निवासी ओंकार सिंह ठाकुर को चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया ह्ल तय हुआ कि जल्द ही लखनऊ में विशाल रैली करके खंगार समाज अपनी ताकत दिखाएगा।

नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि खंगार समाज की राजनैतिक भागेदारी शून्य है ह्ल अब समाज को एकजुट करके लखनऊ में विशाल रैली करके राजनैतिक दलों को समाज की ताकत का एहसास कराएंगे ह्ल जो भी दल समाज को सम्मान और राजनैतिक भागेदारी देगा उसके साथ अब पूरा समाज खड़ा हो जाएगा। उन्होंनें कहा कि गढ़कुण्डार महोत्सव की तर्ज पर चित्रकूट या कालिंजर में वृहद महोत्सव कराया जाएगा ह्ल इसके अलावा समाज के निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कराये जाएंगे ह्ल साथ ही खंगार समाज के जो भी गरीब युवा नीट, यूपीएससी समेंत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठेंगे उन्हें कोष बनाकर मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि समाज पिछलग्गू बनना छोड़ दे, अब समय आ गया है कि हमें अपना अधिकार छीनना पड़ेगा ह्ल किसी भी समाज



के उत्थान के लिए राजनीतिक भागेदारी बहुत जरूरी है। अभी न तो कोई समाज का विधायक है और न सांसद ह्ल जब तक राजनीति में भागेदारी नहीं होती समाज का उत्थान असम्भव है।

खंगार समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बेड़ी पुलिया - सीतापुर रोड स्थित एक मैरिज लान में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बुंदेलखंड क्षेत्र के अलावा गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मुंबई, मध्य प्रदेश और यूपी के विभिन्न जिलों से लगभग 2 हजार लोगों ने सहभागिता की ह्ल इस दौरान सभी लोगों ने समाज की एकजुटता पर बल दिया ह्ल दर्जनों वक्ताओं नें समाज की बिखरी ताकत को जोड़ने के लिए मंत्र बताए ह्ल अधिवेशन में आए सुझावों के आधार पर आगे की रणनीति बनेगी ह्ल बुंदेलखंड अधिकार मंच के संयोजन में आयोजित इस अधिवेशन में खंगार समाज के दर्जनों प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित भी किया गया।

अधिवेशन में जिले से भोलानाथ खंगार, जगबली सिंह, राम सिंह, छेदी लाल सिंह, रमेश सिंह के अलावा गुजरात के कैलाश सिंह, दिल्ली के आनंद खंगार, कानपुर के बलवान सिंह, प्रयागराज के रवि सिंह, सतना के संतोष दाहिया, रिंकू दाहिया, हीरो सिंह बाँदा, अपना दल (एस) के बुंदेलखंड प्रभारी कालका सिंह, जिलाध्यक्ष रामसिया सिंह, जालौन जिलाध्यक्ष अनिल अटारिया, हमीरपुर जिलाध्यक्ष अभिलाषा मिश्रा, झांसी जिलाध्यक्ष, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेंत हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

# मूल्यांकन कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरोः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में सुचारू रूप से चल रहा है। पांच दिन में कुल 78,281 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है।

उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल में 79,793 और इंटर में 52,503 पुस्तिकाओं कुल 13,2296 का मूल्यांकन होना है। पांच दिन में अब तक हाई स्कूल में 51,768 और इंटर में कुल 26,513 कार्यो का मूल्यांकन हो चुका है जबकि हाईस्कूल में 28,025 तथा इंटर में 25,990 कुल 54,015 कापियां अभी अवशेष हैं। इसके लिए हाईस्कूल में 35 और इंटर में 26 टोली बनाई गई हैं। मूल्यांकन के लिए 278 परीक्षक और 35 डिप्टी हेड हाई स्कूल में तथा इंटर में 170 परीक्षक और 26 डिप्टी हेड लगाए गए हैं। मुख्य नियंत्रक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान के साथ मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं का स्वयं अवलोकन किया।

कई छात्र पूर्णांक में पूर्णांक अंक पा रहे हैं, उनकी कॉपियां डीआईओएस द्वारा स्वयं आलोकित की जा रही हैं, जो कमियां थीं उसमें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अनुपस्थित परीक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए कहा कि जो 141 (हाई स्कूल में 90 और इंटर में 51) परीक्षक मूल्यांकन कार्य से जानबूझकर गायब हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के साथ वेतन कटौती होगी। डीआईओएस ने कहा कि हाई स्कूल के परीक्षक प्रतिदिन 50 और इंटर के परीक्षक प्रतिदिन 45 कॉपियां ही जांचेंगे। इस बार शासन द्वारा मूल्यांकन कार्य में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन का मानना है कि यह कार्य विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इसलिए मूल्यांकन कार्य में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं है। शासन के निर्देश पर प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। सीआईसी मूल्यांकन केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में रमेश चंद्र पटेल खंड शिक्षा अधिकारी जिला मुख्यालय कर्वी एवं पर्यवेक्षक शारदा प्रसाद गुप्त को मुस्तैद किया गया है। उन्हीं की मौजूदगी में कोठार से कॉपियों का वितरण उपप्रधान परीक्षकों को किया जाता है, बीच-बीच में वह मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण भी करते हैं। उप नियंत्रक डा रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अंकेक्षण भी कराया जा रहा है, जिन परीक्षकों की कॉपियों में गलती पाई जाएगी उनके पारिश्रमिक में कटौती की जाएगी। मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था में राजेश सिंह प्रधानाचार्य बाल्मीकि इंटर कॉलेज खंडेहा, राकेश प्रताप सिंह आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर, मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी आदि का सराहनीय योगदान रहा। परीक्षा प्रभारी डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी के साथ अवार्ड ब्लैंक के रखरखाव की जिम्मेदारी, हाई स्कूल में डॉक्टर आलोक शुक्ला और इंटर में डॉक्टर रमेश कुमार सिंह चंदेल प्रभारी बनाए गए हैं जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में प्रवीण त्रिपाठी, वीरेंद्र गर्ग, दीपक कुमार, रमेश कुमार, पवन कुमार और राम गोपाल द्विवेदी, शैलेंद्र कुमार जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ मंदिरों में उमड़ी लोगों की भीड़

**राजापुर, चित्रकूटः** गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माँ भगवती शैलपुत्री की पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए नगर के ऐतिहासिक जालपा देवी मन्दिर में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा और मन्दिर खचाखच भरा रहा।

बुधवार को शैलपुत्री के पूजा अर्चना के लिए प्रातः 4बजे से ही महिलाओं व पुरुषों का तांता लगा रहा। कस्बे के देबिन टोला स्थित ऐतिहासिक जालपा देवी मंदिर में माँ दुर्गा सहित नौ स्वरूपों की प्रतिमाएँ भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बनी हुई हैं। दोनों नवरात्रों में मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं रोशनी की उत्तम व्यवस्था मन्दिर प्रबन्धक अरविन्द कुमार तिवारी के द्वारा की गई है तथा तुलसी स्मारक रोड स्थित रैपुरा तिराहे के पास दुर्गा मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए सुबह शाम भक्तों का जमावड़ा लगा रहा है। मन्दिर के प्रबंधक राजू पटेल बताते हैं कि कई वर्ष पहले शारदीय नवरात्रि में देवी प्रतिमा को स्थापित कर मात्र नौ दिन ही पूजा-



अर्चना की जाती थी, लेकिन जन सहयोग से पांच वर्ष पहले माँ दुर्गा की स्थापना स्थाई तौर पर कराकर बारहों मास माँ की पूजा अर्चना की जा रही है। इसी प्रकार रुलौलिहा टोला स्थित शक्ति माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ लगी रहती है। साथ ही सोनरहटी मोहल्ले में भी शारदा माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। रामलाल सोनी बताते हैं कि हमारे पूर्वजों द्वारा कई वर्षों पूर्व एक छोटे से मन्दिर में माँ शारदा की स्थापना की गई थी, आज भक्तों द्वारा विशाल मंदिर में विराजमान कर दिया गया है। वहीं जाटव समाज द्वारा कस्बे के सरांय तलैया चैराहे के पास जाटव समाज की कुलदेवी मरही माता, कंकाली माता में भी जवारा बोकर 9 दिनों तक पूजा-अर्चना व देवी गीतों की धूम मची रहती है।

# जिला अस्पताल में उठा ब्राम्हण बनाम दलित मुद्दा

## - डॉ ऋषि बिगाड़ रहे अस्पताल की व्यवस्था

**चित्रकूटः** वाजिब न हो तो उसके लबों को केवल न लिख, अल्फाज का खिजाब लगाकर गजल न लिख। कुछ इस अंदाज में मीडिया को दागदार बनाने वाले काले धब्बे ने चंद रुपये बांटकर जिला अस्पताल को ब्राम्हण बनाम दलित का रूप देकर विवाद का अड्डा बनाने की कुचेष्टा की है। लोगों ने जिलाधिकारी से इस मामले में दखल देने की मांग की है।

मामला कुछ यूं है कि जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा अस्पताल की चाक-चैबंद व्यवस्था रखने के ख्वाहिशमंद है। ऐसे में उन्होंने अस्पताल में व्यवस्था दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए थे। डॉक्टरों के ठहरने की रात्रि में व्यवस्था करवा दी थी। इसके बाद भी डॉ ऋषि कुमार ने रुकने से इंकार कर दिया। आपात स्थिति में फोन मिलाने पर स्विच ऑफ कर लेते रहे है। मां की तबियत खराब होने के नाम पर




तीन-चार माह की छुट्टी ले ली। यहां आवास में रहकर धड़ल्ले से प्रैक्टिस करते रहे। डीएम ने आवास खाली कराने को कहा तो शिवरामपुर पीएचसी में अटैच करवा लिया। शिवरामपुर न जाकर खुलेआम प्रैक्टिस करते रहे। सीएमएस ने इसे लेकर शासन को लिखा, तब छह मार्च को जिला अस्पताल में फिर ज्वाइन कर लिया।

जिला अस्पताल आने के बाद फिर ड्रामा किया और वार्ड आया से जानबूझकर भिड़ गए। वार्ड आया से विवाद को मुद्दा बनाकर ब्राम्हण बनाम दलित का खेल खेलने लगे। डीएम-एसपी के निर्देश पर सीएमएस ने जांच टीम गठित कर दी। टीम ने आख्या में दोनों को दोषी करार दिया। फिर भी वार्ड आया को अन्यत्र तैनात कर दिया। अब डॉक्टर ऋषि अड़े है कि वार्ड आया को नौकरी से निकाल दिया जाए।

डॉ ऋषि के बारे में बताया गया कि पांच साल पहले इन्होंने नर्सों के कमरे में रात्रि में पहुंचकर हंगामा किया था और यह मामला कोतवाली तक पहंचा था। उनकी पत्नी व डॉक्टर के माफी मांगने पर नर्सों ने मामले में सुलह की थी। इस तरह से जिला अस्पताल के इस विवादित मामले का फिलहाल कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है। डॉ ऋषि त्यागपत्र की धमकी दे रहे है, इधर मीडिया का भी सहारा एक काले धब्बे समाज में बहिष्कृत से ले रहे है। जिसके लिए पवित्र पत्रकारिता कोई मायने नहीं रखती है।

## न्यूज झरोखा

### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**चित्रकूटः** आई एस ए ओम ग्राम उद्योग एवं विकास समिति प्रयागराज द्वारा ग्राम पंचायत पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कर विश्व जल दिवस मनाया गया। जूनियर विद्यालय लौरी में बच्चों के साथ विश्व जल दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना सिंह पटेल की अध्यक्षता में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की गई। जिसमें विश्व जल दिवस तथा वर्तमान जल जीवन मिशन हर घर नल से जल परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। 10 प्रतिशत अंशदान तथा ऑपरेशन मेंटेनेंस पर भी चर्चा हुई। संस्थान की ओर से टीम लीडर इंद्र भूषण राय, यूनॉप्स से आकृति शुक्ला ने जल जीवन मिशन एवं जल के महत्व के बारे में समझाया। जूनियर विद्यालय लौरी में बच्चों के साथ भी कार्यक्रम किया गया तथा जल संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया गया। जल संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सफल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। जूनियर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह भी मौजूद रहे । ओम ग्राम उद्योग एवं विकास समिति प्रयागराज द्वारा ग्राम पंचायत रामपुर तथा ग्राम पंचायत बांधी में बैठक कर विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार , रामकेश यादव प्रधान रामपुर तथा वाटर टेस्टिंग की महिलाएं भी उपस्थित रही।

### पचास हजार का इनामी कुख्यात गैंगस्टर अपराधी अरेस्ट

**गाजियाबाद। थाना** विजयनगर से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक पचास हजार के इनामी बदमाश को क्राइम ब्रांच पुलिस सम्राट चौक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश का नाम फईम पुत्र रहीसुद्दीन निवासी मोती कॉलोनी सिकंदरपुर थाना हापुड़ जिला हापुड़ है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं कक्षा तीन तक पढ़ा हूं, बचपन में मेरे पिता का देहांत हो गया था। मैं मजदूरी आदि करके अपना व अपने परिवार का खर्चा चलाता था लेकिन उसमे कम पैसे मिलते थे तो मैं अपराध करने लगा। मैं और मेरे गैंग के अन्य सदस्य मिलकर हाई स्पीड बाइको पर सवार होकर जनपद गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में राह चलते लोगों से चेन आदि समान लूटकर फरार हो जाते है।

लूटी गई चेन को हम अपने गैंग के सदस्य दीपक को दे देते हैं जो हापुड़ में सरार्फा मार्केट में सुनार की दुकान पर काम करता था। दीपक चेन को गलाकर बेच देता था और मिले पैसे को हम लोग आपस में बांटकर अपना और अपने परिवार का खर्चा चलाते है। गैंगस्टर के मुकदमे का पता चलते ही मैं अपने आपको हापुड़ से बाहर छुपाए हुए था और अपना नाम वह जगह बदल बदल कर रह रहा था।

### चौकी प्रांगण में रमजान और नवरात्रि को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**स्याना (बुलंदशहर)। बुगरासी** चौकी प्रांगण मे त्यौहारों के मददेनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन कर त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने को कहा एसएचओ नरसेना संजेश कुमार ने कहा कि किसी भी मन्दिर या मस्जिद पर लाऊडस्पीकर अधिक आवाज मे नहीं बजाया जायेगा शासन प्रशासन के आदेशानुसार कोई भी डीजे नहीं बजायेगा।

अगर कोई डीजे बजाता मिला तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेंगी। नायब तहसीलदार विपिन वर्मा ने कस्बे की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तो कस्बेवासियों ने पानी सप्लाई समय पर न होना बताया।जिस पर नायब तहसीलदार ने फौरन व्यवस्था ठीक कराने का विश्वास दिलाया। समाजसेवी शानू खान ने कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। इस अवसर पर जसवंत चौहान ताज मौहम्मद मुकेश गोस्वामी शानू खान असफाक खान शाद खान ईश्वर शर्मा वाईके त्यागी जामिल सहित सैकड़ों कस्बे वासी मौजूद रहे रहे।

### सड़क हादसे में पुलिस कर्मी की मौत

**राष्ट्रीय शान**

**बिजनौर मंडावर** से बिजनौर जाते समय पुलिसकर्मी की सड़क हादसे में मौत। पुलिसकर्मी की मौत से मंडावर थाने सहित समस्त पुलिस कर्मी में शोक। जानकारी के अनुसार मंडावर थाने में तैनात अमरनाथ वर्मा शाहजहांपुर जिले के रहने वाले थे। मंडावर थाने में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। सोमवार की सुबह वह थाने से कुछ कागजात लेकर मुख्यालय बिजनौर जा रहे थे। बिजनौर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।तथा उनके परिवार वालों को सूचित किया गया। अमरनाथ के शव को रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी दी । पुलिस अध्यक्ष बिजनौर, तथा समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखा गया। पुलिस अध्यक्ष बिजनौर द्वारा मृतक पुलिस कांस्टेबल के परिवार वालो को सांत्वना दी गई।

## अमेरिका में अश्वेत की मौत का मामलाः मानसिक अस्पताल का वीडियो आया, युवक को काबू करते नजर आए 10 पुलिस अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 28 साल के अश्वेत इर्वो ओटीनी की मौत के मामले में एक नया वीडियो आया है। इसमें दिख रहा है कि इर्वो को मानसिक अस्पताल में करीब 10 पुलिसकर्मी और अस्पताल के सुरक्षा गार्ड काबू करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिसकर्मियों पर इर्वो के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वीडियो छह मार्च का बताया जा रहा है। इसे वॉशिंगटन पोस्ट ने जारी किया। रिपोर्ट के मुताबिक, वॉशिंगटन पोस्ट ने अस्पताल के 27 मिनट के सीसीटीवी फुटेज को निकालकर एक संपादित वीडियो तैयार किया है। इसमें दिख रहा है कि कैसे पुलिसकर्मी इर्वो को हेनरिको काउंटी जेल से पास के पीटर्सबर्ग सेंट्रल स्टेट अस्पताल ले आई। तब इर्वो के हाथ और पैर को बांध रखा गया था। बिना शर्ट और जूते के उसे अस्पताल लाया गया था। इसके बाद वे उसे फर्श पर रखते हैं और फिर उसे चारों तरफ से पकड़ लेते हैं। सीसीटीवी से पुलिसकर्मियों का उद्देश्य स्पष्ट नहीं होता है। वीडियो में दिख रहा है कि एक अधिकारी उसकी गर्दन पर अपना पैर रखा हुआ है। बाकी भी उसे चारों तरफ से पकड़े हुए हैं। इसके बाद इर्वो लंगड़ाकर चलता है और कुछ समय बाद ही इर्वो की मौत हो जाती है। इस मामले में सात पुलिस अधिकारियों और तीन अस्पताल कर्मियों, जिनमें से अधिकांश अफ्रीकी अमेरिकी थे, उनपर थर्ड डिग्री का प्रयोग करके हत्या का आरोप लगाया गया है।

## इमरान ने कार्यकर्ताओं को भड़काने का आरोप लगाने वाला ट्वीट किया डिलीट, पीएम शरीफ ने किया पलटवार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने अपने एक ट्वीट डिलीट कर दिया है। जिसमें उन्होंने वीडियो साझा करते हुए कहा था कि एक 'एजेंसी मैन' अपने कार्यकर्ताओं को भड़का रहा है। पाकिस्तान मीडिया के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री ने एक वीडियो ट्वीट किया। जिसमें कहा, एजेंसी का आदमी हमारे कार्यकर्ताओं को हिंसक होने के लिए भड़काने की कोशिश कर रहा है और वह बेनकाब हो रहा है। इमरान खान ने कहा कि उकसावे की कोई बात नहीं है, हमें शांतिपूर्वक और संविधान में रहकर विरोध करना है। द चाहिए। अन्यथा, हम इन फासीवादियों को और अधिक हिंसा का कारण देंगे।

**यूजर्स ने दिया यह जवाब**

पत्रकार अस्मा शिराज़ी ने ट्वीट कर पूछा, 'चेयरमैन #PTI द्वारा इस ट्वीट को क्यों हटाया गया? पाकिस्तान मुस्लिम लीग के ट्विटर अकाउंट से इमरान के हटाए गए ट्वीट के स्क्रीनशॉट के साथ-साथ व्यक्ति की तस्वीर भी ट्वीट की गई। ट्वीट में कहा गया, उनके ही लोग उनके कार्यकर्ताओं को हिंसा के लिए उकसा रहे थे, गलती का अहसास होने के बाद ट्वीट को डिलीट कर दिया गया, लेकिन कबूलनामा कर दिया गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर थल सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर के खिलाफ एक बदनाम अभियान चलाने का आरोप लगाया है।

## तानाशाह किम जोंग की बेटी के मोटापे को लेकर लोगों में नाराजगी

**इस्लामाबाद।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अक्सर चर्चा में बने रहते हैं लेकिन अब उनकी बेटी भी मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है। दरअसल बीते हफ्ते जब उत्तर कोरिया ने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया तो किम जोंग उन की बेटी भी साथ दिखाई दी। रेडियो फ्री एशिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई लोगों में किम जोंग उन की बेटी को देखकर थोड़ी नाराजगी है। दरअसल उत्तर कोरियाई लोग तानाशाह की बेटी किम जु ए को मोटापे और फूले गालों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इस बात को लेकर नाराज हैं कि जहां उन्हें दो वक्त का खाना भी ठीक से नसीब नहीं हो रहा वहां तानाशाह का परिवार विलासितापूर्ण जीवन जी रहा है। उत्तर कोरिया के एक व्यक्ति ने पहचान ना जाहिर ना करने की शर्त पर बताया कि यह देखकर उन्हें गुस्सा आता है कि मेरी हालत बेहद खराब है और किम जु ए बढ़िया खा पी रही है और शानदार जिंदगी जी रही है। टीवी पर उसके फैंसी कपड़े अक्सर दिखाई देते हैं। व्यक्ति ने बताया कि लोग उसे देखकर चर्चा कर रहे हैं कि वह अच्छी तरह से खाती-पीती है और उसके गाल चांद की तरह सफेद और फूले हुए हैं। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि किम जोंग उन का परिवार विलासितापूर्ण जिंदगी जीता है। बेटी किम जु ए औपचारिक शिक्षा के लिए स्कूल नहीं जाती और उसे घर पर ही शिक्षा दी जाती है। साथ ही वह खाली समय में घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग करती है। उत्तर कोरिया मीडिया में किम जोंग उन के परिवार के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जाती लेकिन दक्षिण कोरिया की खूफिया एजेंसियों का दावा है कि किम जोंग उन के तीन बच्चे हैं और वह 13, 10 और छह साल के हैं।

# ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद को गुमराह करने की बात स्वीकारी

**कहा, पार्टीगेट मामले में उनकी नीयत नहीं थी खराब**

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पार्टीगेट मामले में संसद को गुमराह किया था। इस मामले की जांच कर रही संसद की विशेषाधिकार समिति को दिए जवाब में जॉनसन ने कहा है कि यह सब कुछ उनसे अनजाने में हुआ और उनकी नीयत खराब नहीं थी।

कोरोना काल के दौरान ब्रिटेन में जिस समय पूर्ण लॉकडाउन लगा था, तब ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के 56वें जन्मदिन पर उनकी पत्नी केरी ने एक पार्टी दी थी। लॉकडाउन प्रतिबंधों के चलते उस



समय ऐसी किसी पार्टी की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद न सिर्फ वहां पार्टी हुई बल्कि कई अन्य प्रतिबंध भी तोड़े गए। इस मामले को पार्टीगेट घोटाला कहा जाता है। मामले की सही जानकारी ब्रिटिश संसद को न देने सहित कई आरोपों में घिरे जॉनसन को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

अब संसद की विशेषाधिकार समिति इस मामले की जांच कर री है। जांच समिति को दिए 52 पन्नों के लिखित जवाब में जॉनसन ने बताया कि उन्होंने दो साल के कोविड लॉकडाउन में नियमों को तोड़ने से इनकार क्यों किया? पिछले साल इसी मामले को लेकर संसद के सामने आरोपों को खारिज करने वाले जॉनसन ने अब कहा है कि उन्होंने जानबूझकर या लापरवाही से एक दिसंबर 2021, आठ दिसंबर 2021 या किसी अन्य तारीख को सदन को गुमराह नहीं किया। उन्होंने वकील द्वारा तैयार जवाब पढ़े जाने की बात कही। वही बोला, जो मेरे वकील ने तैयार किया था।

## नेपाल के पर्वतीय जिलों में बारिश-बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश और बर्फबारी के कारण काठमांडू घाटी सहित पर्वतीय जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। इलाके में ठंड भी बढ़ गई है। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र में बर्फबारी से ट्रैकिंग में भी परेशानी हो रही है। बारिश-बर्फबारी का दौर अभी अगले दो दिनों तक जारी रहने का अनुमान है। मौसम पूर्वानुमान विभाग के मुताबिक पश्चिमी हवा के साथ स्थानीय हवा का भी असर है। नेपाल के विभिन्न हिस्सों में 23 मार्च तक बारिश-बर्फबारी की संभावना



जताई गई है। नेपाल के तमाम हिस्सों में बारिश हुई है। हिमालय और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी भी हुई। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र में बर्फबारी के कारण ट्रैकिंग में दिक्कतें हो रही हैं। ट्रैकिंग के लिए यह सबसे अच्छा महीना है, लेकिन भारी बारिश-बर्फबारी ने कारोबार में कठिनाइयां पैदा कर दी हैं। बारिश ने ईस्ट-वेस्ट हाई-वे के तहत आने वाले बुटवल-नारायणगढ़ रोड सेक्शन को ब्लॉक कर दिया है। यातायात पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

## युगांडा में समलैंगिक रिश्ते बनाने पर मौत की सजा, संसद ने बनाया कानून

**कंपाला।** अफ्रीकी देश युगांडा में समलैंगिकता को अपराध घोषित कर दिया गया है। यहां संसद ने कानून बनाकर समलैंगिक रिश्ते बनाने पर मौत की सजा का प्रावधान कर दिया है। इस कानून के बाद अब युगांडा भी उन तीस से अधिक अफ्रीकी देशों में शामिल हो गया है, जहां समलैंगिकता पर प्रतिबंध है।

युगांडा की संसद में पारित नए कानून के तहत समलैंगिकता को अपराध घोषित कर दिया गया है। इस विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उम्रकैद और मौत की सजा तय की गई है। जो लोग 18 साल से कम उम्र के लोगों के साथ समलैंगिक संबंध बनाने के दोषी पाए जाते हैं या फिर एचआईवी संक्रमित होने के बावजूद समलैंगिक संबंध बनाते हैं तो ऐसे लोगों को इस विधेयक में मौत की सजा देने का प्रावधान रखा गया है। वहीं समान लिंग वाले लोगों की शादी के दोषी



लोगों को उम्रकैद की सजा का प्रावधान इस कानून में किया गया है। युगांडा की संसद से पास होने के बाद अब इस विधेयक को राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुसेवेनी भी समलैंगिक संबंधों के विरोधी रहे हैं। इससे पहले साल 2013 में भी युगांडा में समलैंगिक संबंधों के खिलाफ कानून बनाया गया था। तब पश्चिमी देशों के विरोध और एक स्थानीय कोर्ट के इस पर रोक के बाद यह लागू नहीं हो सका था। इस बार संसद में जब यह विधेयक लाया गया, तो 73 प्रतिशत सांसदों ने इसका समर्थन किया है।

## अमेरिका में चक्रवातः तीन लाख घरों और कार्यालयों में बिजली गुल, हवाई सेवा बाधित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी कैलीफोर्निया में आए बॉम्ब चक्रवात ने जमकर तबाही मचाई है। इस कारण तीन लाख से अधिक लोगों के घरों और कार्यालयों में बिजली गुल हो गई है, वहीं हवाई सेवा भी बाधित हुई है। चक्रवात के कारण एक व्यक्ति की जान जाने की जानकारी भी सामने आ रही है।

उत्तरी कैलिफोर्निया में अचानक आया तूफानी चक्रवात मुसीबत बन गया। इसे बॉम्ब साइक्लोन नाम दिया गया है। इस दौरान 80 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके आए। बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ गए और घर डूब गए। चक्रवात की वजह से जगह-जगह बिजली की लाइन टूट गई। इस कारण तीन लाख से अधिक लोगों के घरों और व्यवसायों की बिजली गुल हो गयी। इस कारण लोग अंधेरे में रहने को तो विवश हैं ही, उनका कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। आपदा राहत दल सक्रिय कर दिए



गए हैं। चक्रवात का असर परिवहन सेवाओं पर भी पड़ा है। जबरदस्त बाढ़ आने से सड़क परिवहन तो ठप पड़ा ही है, वायु परिवहन पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कई विमान रन-वे पर ही खड़े हैं। सैन फ्रांसिस्को के दक्षिण में सैन मेटो काउंटी में कम से कम एक व्यक्ति की जान जाने की भी खबर है। लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक डैनियल स्वैन ने बताया कि यह एक विनाशकारी, ताकतवर और अचानक आने वाला तूफान था। उन्होंने इस चक्रवात के प्रभावों को एक मजबूत उष्णकटिबंधीय तूफान या चक्रवात के समान करार दिया। पूर्वानुमान लगाया जा रहा है कि तूफान के बुधवार देररात तक चलने की उम्मीद है। यह नेवादा और एरिजोना की ओर बढ़ रहा है।

# अमेरिका पर भड़के रूस और चीन, नाटो के एशिया में विस्तार का भी विरोध

**युद्ध समाप्ति के चीन के प्रस्ताव पर नहीं बन सकी रूस की सहमति**

**यूक्रेन के राष्ट्रपति ने चीन के राष्ट्रपति को दिया कीव आने का न्यौता**

**मॉस्को।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस यात्रा के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ मिलकर दोनों देशों के संबंधों के नए युग की शुरुआत की बात कही हे। दोनों देशों ने अमेरिका पर भड़कने के साथ पश्चिमी देशों द्वारा उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एशिया में विस्तार का विरोध किया है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मॉस्को में हुई मुलाकात के बाद अमेरिका पर जमकर भड़ास निकाली। एक संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर वैश्विक सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए पश्चिमी देशों को निशाने पर लिया। रूस और चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका से अपने एकतरफा सैन्य लाभ को सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को कम करने से रोकने का आह्वान किया।

दोनों नेताओं ने एशिया में नाटो की बढ़ती उपस्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर कर इसे रूस और चीन के बीच नए युग की शुरुआत करार दिया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस के समक्ष यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए एक शांति प्रस्ताव रखा, जिस पर सहमति नहीं बन सकी। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने चीन की ओर



से दिए गए 12 सूत्रीय शांति प्रस्ताव की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह यूक्रेन पर बातचीत के लिए तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि चीन द्वारा पेश की गई शांति योजना के कई प्रावधानों को शांतिपूर्ण समाधान के आधार के रूप में लिया जा सकता है। लेकिन ये तभी हो सकता है जब यूक्रेन और उसका साथ देने वाले बाकी पश्चिमी देश इसके लिए तैयार होंगे। हालांकि अभी तक रूस ने उनकी ओर से ऐसी तत्परता नहीं देखी है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। एक बयान जारी कर जेलेंस्की ने कहा कि कीव ने चीन को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है और वह बीजिंग से जवाब का इंतजार कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने चीन को शांति सूत्र के कार्यान्वयन में भागीदार बनने की पेशकश की। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि वह चीन को एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में सक्षम नहीं देखता है। संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों में एक बिचौलिया बनने के बीजिंग के उद्देश्य की वाशिंगटन ने आलोचना की।

# पाकिस्तान में भूकंप से 11 की मौत, अफगानिस्तान, चीन सहित कई देशों में भी कांपी धरती

**इस्लामाबाद/ काबुल।** पाकिस्तान में भूकंप से 11 लोगों की मौत हो गई और सौ से अधिक लोग घायल हो गए। उधर अफगानिस्तान, चीन सहित कई देशों में भी तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात भारत के अलावा कई देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। चीन, अफगानिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान की

180 किलोमीटर थी। लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर, झेलम,



शेखूपुरा, स्वात, नौशेरा, मुल्तान, स्वात, शांगला और अन्य जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के बाद देश में दहशत का माहौल था। लोग घरों से भागने के लिए मजबूर हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रांत में छत, दीवार और घर गिरने की घटनाओं से कम से कम दो लोगों की मौत हुई है और छह लोग घायल हुए हैं। यहां भूकंप के कारण आठ घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्वात जिले में पुलिस अधिकारी शफीउल्लाह गंडापुर ने बताया कि जिले में नौ लोगों की मौत हुई है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी में भी भूकंप के झटके के कारण एक घर की छत ढह गई। इससे एक परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए।

भूकंप के कारण भूस्खलन होने से बहरीन-कलाम रोड बाधित हो गया। भूकंप के कारण डरे सहमे लोग सड़कों पर आ गए। भूकंप के समय रावलपिंडी के बाजारों में भगदड़ जैसे हालात बन गए थे।

पाकिस्तान के पेशावर, कोहाट और स्वाबी में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके अलावा लाहौर, क्वेटा और रावलपिंडी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। घबराए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थापाकिस्तान के गुजरांवाला, गुजरात, सियालकोट, कोट मोमिन, मध रांझा, चकवाल, कोहाट और गिलगित-बाल्टिस्तान इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त बोलेः सोशल मीडिया पर मुट्ठीभर लोग फैला रहे झूठ, पंजाब में हालात बिल्कुल ठीक

**लंदन।** पंजाब को लेकर ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर सिख समुदाय के बीच अफवाहें फैलाई जा रहीं हैं। खासतौर पर वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह के मामले में हो रही कार्रवाई को लेकर। इस बीच ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने इसको लेकर बयान दिया है। यूके में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे सनसनीखेज झूठ में कोई सच्चाई नहीं है।

उन्होंने कहा, 'आपके पैतृक मातृभूमि की स्थिति वैसी नहीं है, जैसी बताई जा रही है। राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने इंटरव्यू के दौरान विस्तृत जानकारी दी है, कृपया इन्हें देखें। विश्वास नहीं होता कि मुट्ठी भर लोग दुष्प्रचार करते हैं।' ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ हो रही कानूनी



कार्रवाई के बारे में बात कर रहे थे। दोरईस्वामी ने लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा जारी एक वीडियो संबोधन में कहा कि ब्रिटेन में यात्रा के लिए स्थिति सामान्य है और यूके सभी पर्यटक सुरक्षित हैं। मैं यहां यूके में अपने सभी दोस्तों विशेष रूप से पंजाब में रिश्तेदारों वाले भाइयों और बहनों को आश्वस्त करता हूं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे सनसनीखेज झूठ में कोई सच्चाई नहीं है।

उच्चायुक्त ने कहा कि 18 मार्च को पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब डे के तत्वों के खिलाफ एक अभियान चलाया। इन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। खासतौर पर इस संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह और कुछ अन्य तत्वों के खिलाफ। इनपर चार आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इन लोगों पर वैमनस्य फैलाने, हत्या, पुलिस कर्मियों पर हमला करने जैसे गंभीर आरोप हैं। लगभग 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये वही लोग हैं, जिनपर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे आपराधिक अपराधों में शामिल व्यक्तियों से निपटा जाएगा। कानून के अनुसार और कानूनी रक्षा के उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी।'

चार जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के लिए मोबाइल टेलीफोन नेटवर्क सहित सभी संचार सेवाएं जारी हैं। पूरे प्रदेश में ब्रॉडबैंड एक्सेस का उपयोग करने वाली इंटरनेट प्रभावित नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्टिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने के लिए राज्य पुलिस ने अभियान चलाया है।

## मुकेश अंबानी दुनिया के 9वें सबसे अमीर, अडाणी 23वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों की टॉप-10 सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी भी शामिल हैं। वहीं, अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी इस सूची में दूसरे स्थान से फिसलकर 23वें पायदान पर आ गए हैं। मुकेश अंबानी 8200 करोड़ डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में 9वें स्थान पर हैं। टॉप-10 अरबपतियों की सूची में मुकेश अंबानी एकमात्र भारतीय हैं।

रिसर्च प्लेटफॉर्म हुरून ने बुधवार को रियल एस्टेट कंपनी एम3एम के साथ मिलकर अमीरों की सूची जारी की है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2023 में इस बार टॉप-10 में मुकेश अंबानी



एकमात्र भारतीय अरबपति के रूप में शामिल हैं। गौतम अडाणी इस साल सूची में 23वें पायदान पर खिसक गए है। हुरुन की नई सूची के अनुसार मुकेश अंबानी फिर से देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

मुकेश अंबानी 8200 करोड़ डॉलर की नेटवर्थ के साथ 9वें स्थान पर हैं। गौतम अडाणी की नेटवर्थ घटकर 5300 करोड़ डॉलर रह गई है। इसके बावजूद वे अभी भी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं। पिछले साल हुरून की सूची में गौतम अडाणी भारतीय अमीरों में पहले पायदान पर थे। उस समय उनकी नेटवर्थ 13,000 करोड़ डॉलर के आसपास थी। हुरून की अमीरों की सूची में साइरस पूनावाला 2800 करोड़ डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे सबसे बड़े धनकुबेर हैं। सूची में शिव नाडार 2700 करोड़ डॉलर नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि स्टील किंग के नाम से मशहूर लक्ष्मी मित्तल 2000 करोड़ डॉलर की नेटवर्थ के साथ 5वें स्थान पर हैं, जबकि पिछले साल पांचवें पायदान पर राधाकिशन दमानी थे।